www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

सूर्योदय सुबह 7:18 बजे
सूर्यास्त शाम 5:28 बजे

• साल-1 • अंक-109 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • बुधवार 24 दिसंबर 2025 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

**लोगों में आक्रोश** बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के मामले में भारत में व्यापक विरोध

# दिल्ली-ढाका के बीच बढ़ा राजनयिक तनाव

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या के विरोध में भारत के कई हिस्सों में मंगलवार को विरोध-प्रदर्शन तेज हो गए। राजधानी नई दिल्ली के अलावा हैदराबाद और असम के कुछ हिस्सों में प्रदर्शन दर्ज किए गए। इस बीच, बढ़ते तनाव और सुरक्षा चिंताओं के मद्देनज़र भारत और बांग्लादेश ने एक-दूसरे के उच्चायुक्तों को तलब किया, जिससे दोनों देशों के बीच राजनयिक खींचतान और गहरा गई है। नई दिल्ली में विश्व हिंदू परिषद् और उससे जुड़े संगठनों के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर एकत्र हुए। प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की और उच्चायोग की ओर मार्च करने का प्रयास किया, जिससे पुलिस के साथ झड़प की स्थिति बन गई। हालात को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया, ताकि किसी भी सूरत में प्रदर्शनकारी राजनयिक परिसर तक न पहुंच सकें। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बांग्लादेश उच्चायोग और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए। दुर्गाबाई देशमुख साउथ कैंपस मेट्रो स्टेशन के आसपास भी भारी पुलिस बल मौजूद रहा, जहां बड़ी संख्या में लोग जमा होकर हत्या के विरोध में नारेबाजी करते दिखे और बांग्लादेशी अधिकारियों से कड़ी कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन कर रहे एक शख्स ने रोते हुए कहा कि वहां लोग मारे जा रहे हैं। ये देश राम का है, ये देश कृष्ण का है। हम किसी को नहीं मारते पर वहां हमारी बहन बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है। विरोध-प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी बैरीकेड को तोड़ने की भी कोशिश कर रहे थे। पुलिस को प्रदर्शनकारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। प्रदर्शनकारी हाथ में बैनर-पोस्टर लेकर बांग्लादेश में मारे गए हिंदू युवक और वहां हिंदुओं पर हो रहे है अत्याचार का विरोध कर रहे थे। प्रदर्शन में मौजूद लोग पड़ोसी देश में हो रहे अत्याचार रोकने की मांग कर रहे थे। इसी तरह हैदराबाद के कोठापेट इलाके में वीएचपी के नेतृत्व में हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया। असम के तिनसुकिया जिले में भी विरोध-प्रदर्शन हुए, जहां लोगों ने हत्या के दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की।

## हत्या की घटना के विरोध में पूरे देश में हुए प्रदर्शन



*प्रदर्शन 18 दिसंबर को बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले में हुई एक जघन्य घटना के बाद शुरू हुए। 27 वर्षीय दीपू चंद्र दास, जो एक हिंदू परिधान श्रमिक था, को कथित तौर पर ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला। बांग्लादेशी पुलिस के अनुसार, हत्या के बाद उसके शव को आग के हवाले कर दिया गया। इस मामले में अब तक 10 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है, लेकिन घटना को लेकर अल्पसंख्यक समुदाय में गहरा आक्रोश है।*

**▪ राजनयिक स्तर पर तीखी प्रतिक्रिया...**

*भारत में हो रहे प्रदर्शनों और बांग्लादेशी प्रतिष्ठानों से जुड़ी घटनाओं के बीच मंगलवार को बांग्लादेश ने भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को ढाका स्थित विदेश मंत्रालय तलब किया। बांग्लादेश के विदेश सचिव आसद आलम सियाम ने यह समन जारी किया। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने भारत में बांग्लादेशी राजनयिक प्रतिष्ठानों से जुड़ी घटनाओं पर संज्ञान लिया है, जिनमें 22 दिसंबर को सिलिगुड़ी स्थित बांग्लादेश वीज़ा केंद्र में तोड़फोड़ और 20 दिसंबर को नई दिल्ली में उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन शामिल हैं। मंत्रालय ने इन घटनाओं को "पूर्वनियोजित हिंसा और डराने की कोशिश" करार देते हुए भारत सरकार से निष्पक्ष जांच और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। इससे पहले भारत ने भी बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह को तलब कर वहां बिगड़ती सुरक्षा स्थिति और भारतीय राजनयिक मिशनों को मिल रही कथित धमकियों पर चिंता जताई थी। दोनों देशों ने कहा है कि वे स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। भारत में राजनयिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है, जबकि बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की हत्या की जांच जारी है।*

## न्यूज़ ब्रीफ

### घाटी के 80 गांवों में आतंकियों की सर्च

**जम्मू-कश्मीर|** जम्मू-कश्मीर में संभावित आतंकी घुसपैठ के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ा कदम उठाया है। सेना, बीएसएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त रूप से सीमा से सटे इलाकों के 80 से अधिक गांवों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। खुफिया इनपुट मिले थे कि आतंकी संगठन घने कोहरे, सर्द मौसम और दुर्गम इलाकों का फायदा उठाकर घुसपैठ की कोशिश कर सकते हैं। रविवार को मजालता के जंगलों में सर्च उस समय तेज की गई, जब दो आतंकियों के एक घर से खाना लेकर पास के जंगल में भागने की सूचना मिली।

### एमपी ड्राफ्ट वोटर सूची में 42 लाख नाम हटाए

**नई दिल्ली|** चुनाव आयोग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश में SIR के तहत तैयार की गई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर दी। इसके अनुसार राज्य की मतदाता सूची से 42.74 लाख नाम हटाए गए हैं। इनमें 19.19 लाख पुरुष और 23.64 लाख महिलाएं शामिल हैं। इसके अलावा 8.40 लाख मतदाताओं के नामों की मैपिंग नहीं हो सकी, जिन्हें अलग रखा गया है। चुनाव आयोग ने इसी दिन केरल, छत्तीसगढ़ और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की भी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित की। इससे पहले आयोग पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की ड्राफ्ट सूचियां जारी कर चुका है।

### लेखक विनोद कुमार शुक्ल का निधन

**नई दिल्ली|** प्रख्यात हिंदी लेखक और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विनोद कुमार शुक्ल का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने मंगलवार दोपहर लगभग 4:58 बजे रायपुर स्थित एम्स में अंतिम सांस ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने 1 नवंबर को विनोद कुमार शुक्ला से बातचीत की थी और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली थी। वहीं, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर दुख जताते हुए लिखा कि ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विनोद कुमार शुक्ल जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। हिन्दी साहित्य जगत में अपने अमूल्य योगदान के लिए वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# प्रियंका को पीएम बनाने की मांगें उठ रहीं, राजनीति में आने की मुझे भी अपील: रॉबर्ट

### सांसद इमरान मसूद ने प्रियंका गांधी को पीएम पद का चेहरा बनाने की वकालत की

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

कांग्रेस में नेतृत्व और भविष्य की राजनीति को लेकर एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। पार्टी सांसद इमरान मसूद के उस बयान के बाद बहस ने जोर पकड़ लिया है जिसमें उन्होंने वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाए जाने की वकालत की है। इस बयान के बाद कांग्रेस के भीतर और बाहर यह सवाल उठने लगा है कि क्या पार्टी राहुल गांधी के अलावा किसी नए चेहरे पर गंभीरता से विचार कर रही है।

कांग्रेस के भीतर प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच मंगलवार को एक नया राजनीतिक बयान सामने आया। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद द्वारा प्रियंका गांधी वाड्रा को प्रधानमंत्री पद के लिए पार्टी का चेहरा बनाए जाने की वकालत किए जाने के बाद उनके पति रॉबर्ट वाड्रा ने भी प्रतिक्रिया दी है।

रॉबर्ट वाड्रा ने कहा,"हर तरफ से मांगें आ रही हैं कि प्रियंका आगे आएं। मुझे भी राजनीति में आने के लिए कहा जा रहा है, लेकिन इस समय हमें उन असली मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए, जो देश की जनता से जुड़े हैं।" हालांकि रॉबर्ट वाड्रा काफी पहले खुद कांग्रेस की गतिविधियों में काफी खुलकर शिरकत करते थे। अब इस ताजा बयान को फिर से उस दिशा में जोड़कर देखा जा रहा है। इससे पहले कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने प्रियंका गांधी का खुलकर समर्थन करते हुए कहा था कि यदि उन्हें प्रधानमंत्री बनाया जाए तो वह अपनी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तरह कड़ा और निर्णायक जवाब देंगी। मसूद यह टिप्पणी बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा पर प्रियंका गांधी के बयान का बचाव करते हुए कर रहे थे।

इमरान मसूद ने कहा, "प्रियंका गांधी को प्रधानमंत्री बनाकर देखिए, वह इंदिरा गांधी की तरह जवाब देंगी। वह गांधी परिवार से हैं और इंदिरा गांधी की पोती हैं, जिन्होंने पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया था जिसके जख्म आज भी भरे नहीं हैं।"





गौरतलब है कि कांग्रेस अब तक राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा को चुनौती देने के लिए राहुल गांधी को अपना मुख्य चेहरा मानती रही है, लेकिन हालिया बयानों से पार्टी के भीतर नए सियासी संकेत मिल रहे हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने हाल ही में बांग्लादेश में हिंदू, ईसाई और बौद्ध अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा पर केंद्र सरकार से सख्त रुख अपनाने की मांग की थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा था कि बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपु चंद्र दास की भीड़ द्वारा हत्या बेहद चिंताजनक है और भारत सरकार को पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का मुद्दा मजबूती से उठाना चाहिए।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ओडिशा के पूर्व विधायक मोहम्मद मोक़ीम कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर राहुल गांधी की कार्यकर्ताओं के लिए कथित तौर पर पहुंच से दूर रहने की बात कही और नेतृत्व में बदलाव व जवाबदेही की जरूरत पर जोर दिया। इसके बाद उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया था।

कांग्रेस की परंपरागत राजनीति में अब तक राहुल को ही पार्टी का मुख्य चेहरा माना जाता रहा है, खासकर भाजपा की मजबूत स्थिति के मुकाबले। ऐसे में इमरान मसूद का बयान पार्टी की स्थापित लाइन से अलग नजर आया और इसने आंतरिक समीकरणों को लेकर अटकलों को हवा दे दी। यह पूरा प्रसंग कांग्रेस की राजनीति में छिपी बेचैनी और तलाश को उजागर करता है।

वहीं दूसरी ओर प्रियंका गांधी का नाम बार बार उभरना यह संकेत देता है कि कांग्रेस अभी भी करिश्माई नेतृत्व की खोज में है। इमरान मसूद जैसे नेताओं के बयान यूं ही नहीं आते। वे कार्यकर्ताओं के बीच मौजूद भावनाओं की अभिव्यक्ति भी होते हैं।

### पंजाबी गायिका अमर नूरी को धमकी भरी कॉल, तीन राउंडअप

**समर न्यूज़ | खन्ना**

पंजाबी गायिका और अभिनेत्री अमर नूरी को एक धमकी भरी कॉल मिलने से हड़कंप मच गया है। कॉल करने वाले ने खुद को इंस्पेक्टर गुरमीत सिंह बताते हुए उन्हें धमकाया और कहा कि उनका बेटा, जो संगीत और गायन के क्षेत्र में सक्रिय है, यदि काम बंद नहीं करता तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। मामले को लेकर डीएसपी मोहित सिंगला ने बताया कि अब तक तीन लोगों को राउंडअप कर पूछताछ की जा रही है।

### दिल्ली में नो पीयूसी, नो फ्यूल नीति जारी रहेगी: मंत्री सिरसा

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार ने स्पष्ट किया है कि ग्रैप-4 प्रतिबंध हटने के बाद भी 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नीति लागू रहेगी। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि बिना पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल प्रमाणपत्र वाले किसी भी वाहन को राजधानी में ईंधन नहीं दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि वायु प्रदूषण के खिलाफ सख्त कदमों में कोई ढील नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि हालिया निरीक्षण के दौरान कई पीयूसी केंद्र गैर-कार्यशील पाए गए, जबकि 12 केंद्रों में उपकरण खराब मिले। ऐसे सभी केंद्रों को निलंबित कर नोटिस जारी किए गए हैं। सिरसा ने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री सिरसा ने बताया कि दिल्ली में करीब 1,000 जलाशय हैं, जिन्हें पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार ने 100 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव रखा है। इस योजना का उद्देश्य शहर में जल संरक्षण को बढ़ावा देना और पर्यावरण संतुलन को मजबूत करना है।

**उन्नाव रेप केस** कुलदीप सेंगर की सजा पर दिल्ली हाईकोर्ट ने लगाई रोक

# आजीवन कारावास की सजा निलंबित, 15 लाख के निजी मुचलके पर जमानत

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को उन्नाव रेप केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहे निष्कासित भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर की जेल सजा को निलंबित कर दिया। कोर्ट ने उन्हें 15 लाख रुपये के निजी मुचलके और समान राशि की तीन जमानतों पर रिहा करने का आदेश दिया। जस्टिस सुब्रमोनियम प्रसाद और हरिश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने सेंगर को जमानत देते हुए कड़ी शर्तें भी लगाईं। अदालत ने निर्देश दिया कि सेंगर पीड़िता के घर के 5 किलोमीटर के दायरे में प्रवेश नहीं करेगा और न ही पीड़िता या उसकी मां को किसी तरह की धमकी देगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शर्तों का उल्लंघन होने पर जमानत रद्द कर दी जाएगी।

हाईकोर्ट ने यह राहत सेंगर की उस अपील के लंबित रहने तक दी है, जिसमें उसने दिसंबर 2019 में ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई सजा को चुनौती दी है। मामले में वर्ष 2017 में एक नाबालिग लड़की के अपहरण और बलात्कार का आरोप सिद्ध हुआ था। यह मामला और इससे जुड़े अन्य केस सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर 1 अगस्त 2019 को उत्तर प्रदेश से दिल्ली स्थानांतरित किए गए थे। उधर, पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में सेंगर की दोषसिद्धि के खिलाफ अपील भी लंबित है। इस केस में उन्हें 10 साल की सजा सुनाई गई थी और उन्होंने लंबी जेल अवधि का हवाला देते हुए सजा निलंबन की मांग की है।

**पेज 1 एंकर स्टोरी** 24 दिसंबर, 1924 को जन्मे सुरों के बेताज बादशाह मोहम्मद रफी का 101वां जन्मदिन आज

# गांव कोटला सुल्तान सिंह को संवारने का सपना अधूरा रह गया रफी साहब का

**समर न्यूज़ | कोटला सुल्तान सिंह / अमृतसर**

आज सुरों के बेताज बादशाह मोहम्मद रफी का 101वां जन्मदिन है। अमृतसर जिले के गांव कोटला सुल्तान सिंह में जन्मे रफी साहब ने अपनी आवाज़ से दुनिया भर में पहचान बनाई, लेकिन अपने गांव के लिए जो सपने उन्होंने देखे थे, वे पूरे नहीं हो सके। गांव में उन्हें बचपन से ही प्यार से 'फीको' कहा जाता था। फीको ने गांव के एलीमेंट्री स्कूल से प्राइमरी शिक्षा हासिल की। पढ़ाई में वह औसत रहे, लेकिन शरारती स्वभाव के कारण अक्सर डांट भी खाते थे। उनके पिता अली मोहम्मद बेहतरीन रसोइए थे और एक ही देग में सात रंगों के चावल पकाने की कला में माहिर थे। बचपन की शरारतों में एक किस्सा आज भी गांव में याद किया जाता है, जब कबड्डी खेलते वक्त फीको ने गीदड़ की आवाज निकालकर सबको डरा दिया था।



## गांव के लिए बड़े इरादे, पर नहीं मिला साथ

*समय के साथ फीको दुनिया के मशहूर गायक मोहम्मद रफी बन गए, लेकिन गांव के प्रति उनका लगाव कभी कम नहीं हुआ। उनके बचपन के मित्र कुंदन सिंह (अब दिवंगत) ने बताया था कि वर्ष 1953 में जब रफी अमृतसर के एलेक्जेंड्रा ग्राउंड में शो करने आए, तो गांव के लोग उनसे मिलने पहुंचे। तीसरे दिन मुलाकात में रफी ने कहा, "गांव वाले मिलकर मेरे 3–4 शो गांव में करवा दो, इतना पैसा आ जाएगा कि हमारा गांव गांव नहीं, शहर बन जाएगा।" दुर्भाग्यवश उस समय के सरपंच और पंचायत ने इस प्रस्ताव में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। सहयोग न मिलने पर रफी साहब वहां से लुधियाना अपने अगले शो के लिए रवाना हो गए। उन्होंने गांव की पंचायत को मुंबई आने का निमंत्रण भी दिया था, लेकिन वह पहल भी आगे नहीं बढ़ सकी।*

**यादों में बसता गांव...** *1937 में गांव छोड़ते समय फीको ने एक आम के पेड़ पर अपना नाम लिखा था और दोस्त से कहा था— "जब भी मेरी याद आए, इस पेड़ पर आकर मेरा नाम पढ़ लेना।" आज वह पेड़ तो नहीं रहा, लेकिन रफी साहब की यादें अब भी गांव में जीवित हैं। मुंबई में दूसरी शादी विलकिस से करने के बाद रफी साहब गांव कम आ पाए। हालांकि 1972 में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पंजाबी गीत "लाके दंदा च मेखां, मौज बंजारा ले गया" गाकर अपनी मिट्टी से जुड़ाव फिर जता दिया।*

# न्यूज़ीलैंड विदेश मंत्री ने समझौते को बताया- ना फ्री, ना फेयर

**नई दिल्ली/वेलिंगटन**

हाल ही में घोषित भारत–न्यूज़ीलैंड फ़्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर न्यूज़ीलैंड की राजनीति में मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। न्यूज़ीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने इस समझौते की कड़ी आलोचना करते हुए इसे "न तो फ्री और न ही फेयर" करार दिया है। हालांकि, इस घोषणा के कुछ ही घंटों बाद न्यूज़ीलैंड सरकार के भीतर असहमति सामने आ गई। विंस्टन पीटर्स, जो दक्षिणपंथी पार्टी न्यूजीलैंड फर्स्ट के नेता भी हैं और नेशनल पार्टी के साथ गठबंधन सरकार का हिस्सा हैं, ने 22 दिसंबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट कर FTA का खुला विरोध किया। उन्होंने लिखा कि "दुर्भाग्य से न्यूज़ीलैंड फ़र्स्ट आज घोषित भारत मुक्त व्यापार समझौते का समर्थन नहीं करती।" उनके मुताबिक, इस डील में खासतौर पर इमिग्रेशन से जुड़े मामलों में जरूरत से ज्यादा रियायतें दी गई हैं, जबकि बदले में न्यूज़ीलैंड को अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनकी पार्टी ने अपने गठबंधन सहयोगी को आगाह किया था कि भारत के साथ किसी भी तरह की जल्दबाज़ी में की गई डील नुकसानदेह हो सकती है, खासकर तब जब संसद में उसके समर्थन को लेकर स्थिति स्पष्ट न हो। हालांकि, आलोचना के साथ-साथ पीटर्स ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के प्रति सम्मान भी जताया।

## पंजाब में ड्रोन से नशा तस्करी की बड़ी कोशिश नाकाम

# ड्रोन से नशा तस्करी की बड़ी साजिश नाकाम, 12.5 किलो हेरोइन की बरामद

### अमृतसर के लोपोके क्षेत्र में सीमा पार से ड्रोन के जरिए भेजी जा रही थी खेप

समर न्यूज़ | अमृतसर



पंजाब में नशे के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत सुरक्षा एजेंसियों को एक और बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स पंजाब, बॉर्डर रेंज ने सीमा सुरक्षा बल के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय ड्रोन आधारित नशा तस्करी की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। यह संयुक्त कार्रवाई अमृतसर जिले के थाना लोपोके इलाके में गांव दल्लेके के पास की गई। सुरक्षा एजेंसियों को सीमावर्ती क्षेत्र में ड्रोन की संदिग्ध गतिविधियों को लेकर खुफिया इनपुट प्राप्त हुए थे। इन सूचनाओं के आधार पर एएनटीएफ और बीएसएफ की टीमों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान शुरू किया। सर्च ऑपरेशन के दौरान खेतों के पास से करीब 12 किलो 50 ग्राम संदिग्ध हेरोइन बरामद की गई। बरामद नशीले पदार्थ की भारी मात्रा से यह साफ संकेत मिलता है कि तस्कर सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से पंजाब में नशे की खेप भेजने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। मामले में संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की जा रही है और प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। जांच एजेंसियां अब तकनीकी साक्ष्यों, ड्रोन मूवमेंट और मानव खुफिया नेटवर्क की मदद से इस तस्करी से जुड़े पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गई हैं। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह खेप किसने मंगवाई थी, इसका अगला ठिकाना क्या था और इसमें कितने लोग शामिल हैं।

## पंजाब विधानसभा का 11वां विशेष सत्र 30 दिसंबर को

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के राज्यपाल ने सोलहवीं पंजाब विधान सभा का 11वां विशेष सत्र बुलाने की अधिसूचना जारी कर दी है। यह विशेष सत्र 30 दिसंबर 2025, मंगलवार को प्रातः 11 बजे पंजाब विधान सभा हॉल, विधान भवन, चंडीगढ़ में आयोजित किया जाएगा। सत्र के दौरान राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण और समसामयिक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। सरकार की ओर से विधायी कार्यों और आवश्यक प्रस्तावों को सदन के समक्ष रखा जा सकता है। विशेष सत्र को लेकर राजनीतिक हलकों में सरगर्मी तेज हो गई है और विपक्ष भी सरकार को घेरने की रणनीति तैयार कर रहा है।

# शहीदी सभा के लिए चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था, 3400 पुलिसकर्मी होंगे तैनात

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



दसवें सिख गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को समर्पित तीन दिवसीय वार्षिक शहीदी सभा 25 से 27 दिसंबर तक फतेहगढ़ साहिब में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर देश-विदेश से आने वाली लाखों संगतों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुलिस के विशेष महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने मंगलवार को फतेहगढ़ साहिब का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र को छह सेक्टरों में विभाजित किया गया है और छह एसपी तथा 24 डीएसपी रैंक के अधिकारियों की निगरानी में 3400 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 22 पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की गई है, जहां से गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब तक शटल बस सेवा उपलब्ध रहेगी। ट्रैफिक और पार्किंग प्रबंधन के लिए ड्रोन और करीब 300 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। गूगल के सहयोग से पार्किंग स्थलों की रीयल-टाइम जियो-टैगिंग और मार्गदर्शन के लिए साइन बोर्ड भी लगाए गए हैं। इसके अलावा, छह हेल्प डेस्क, एकीकृत कंट्रोल रूम, चिकित्सा और अग्निशमन सुविधाएं भी स्थापित की गई हैं। धुंध के कारण होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर स्टिकर लगाने की पहल भी की जा रही है। पुलिस ने संगतों से सहयोग की अपील की है ताकि शहीदी सभा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# श्रेष्ठ भारत की भावना अनिवार्यः ओम बिरला

### मारवाड़ महोत्सव समारोह में युवाओं को दिया सांस्कृति से जुड़े रहने का संदेश

समर न्यूज़ | संबलपुर



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश में एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। वे सोमवार को संबलपुर में आयोजित पांच दिवसीय मारवाड़ महोत्सव-2025 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह महोत्सव 12 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद राजस्थान फाउंडेशन और मारवाड़ी युवा मंच, खेतराजपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। ओम बिरला ने कहा कि सेवा, समर्पण और त्याग जैसे मूल्य मारवाड़ी समाज की पहचान हैं और इस समुदाय ने राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि व्यापार और उद्योग से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और जनकल्याण तक मारवाड़ी समाज का योगदान भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास में उल्लेखनीय रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ने युवाओं से अपील की कि वे आधुनिक विकास और तकनीकी प्रगति की दिशा में आगे बढ़ते हुए अपनी सांस्कृतिक जड़ों और परंपराओं से जुड़े रहें। उन्होंने जोर देकर कहा कि मारवाड़ महोत्सव केवल एक समुदाय का आयोजन नहीं बल्कि राष्ट्रीय एकता सांस्कृतिक समरसता और आपसी सौहार्द को सुदृढ़ करने का एक सशक्त मंच है। ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सराहना करते हुए ओम बिरला ने कहा कि ऐसे उत्सव देश के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आपसी समझ और सम्मान को बढ़ाते हैं। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी समारोह को संबोधित किया और कहा कि मारवाड़ महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक भारत श्रेष्ठ भारत की सोच को जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है।

# दहशतः पटियाला के स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

### स्कूल प्रबंधन को भेजे गए धमकी भरे मेल से मचा हड़कंप

समर न्यूज़ | पटियाला

पंजाब में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियों का सिलसिला लगातार जारी है। अमृतसर और जालंधर के बाद अब पटियाला में एक स्कूल को धमकी भरा ईमेल भेजे जाने से हड़कंप मच गया।

ईमेल में स्कूल को बम धमाके से उड़ाने की बात कही गई है, जिसके बाद पुलिस प्रशासन तुरंत अलर्ट मोड पर आ गया। मिली जानकारी के अनुसार, स्कूल प्रबंधन को प्राप्त ईमेल में बम धमाके का संभावित समय दोपहर 1 बजकर 11 मिनट से रात 9 बजकर 11 मिनट के बीच बताया गया है। हालांकि राहत की बात यह रही कि 21 दिसंबर से स्कूलों में सर्दियों की छुट्टियां चल रही हैं, जिस कारण उस समय स्कूल परिसर में बच्चों की मौजूदगी नहीं थी और किसी बड़े हादसे की आशंका टल गई। धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत स्कूल परिसर की जांच शुरू कर दी।

पटियाला के एसएसपी वरुण शर्मा स्वयं मौके पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्कूल प्रबंधन से बातचीत कर उन्हें आश्वस्त किया कि पुलिस पूरी गंभीरता से मामले की जांच कर रही है। एसएसपी वरुण शर्मा ने बताया कि साइबर सेल की टीमें धमकी भरे ईमेल की तकनीकी जांच में जुट गई हैं। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह ईमेल कहां से भेजी गई और इसके पीछे कौन व्यक्ति या संगठन है। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

# एचएमईएल के 2600 करोड़ के विस्तार से पंजाब को मिलेगा औद्योगिक बढ़ावाः संजीव अरोड़ा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली तथा एनआरआई मामलों के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने मंगलवार को एचपीसीएल मित्तल एनर्जी लिमिटेड की पंजाब में 2600 करोड़ रुपये की प्रमुख औद्योगिक विस्तार योजनाओं को सार्वजनिक करते हुए राज्य में बड़े निवेशों के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की दूरदर्शी सोच के अनुरूप पंजाब सरकार उद्योगों के अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है, जिससे राज्य को औद्योगिक विकास का नया केंद्र बनाया जा सके। इस अवसर पर एचएमईएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रभ दास ने बताया कि कंपनी बठिंडा जिले में स्थित अपनी रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में लगातार निवेश कर रही है।

उन्होंने कहा कि एचएमईएल पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, एटीएफ जैसे प्रमुख ईंधनों के साथ-साथ पॉलीथिलीन और पॉलीप्रोपाइलीन जैसे पॉलिमर का भी उत्पादन करती है। इस विशाल परियोजना के निर्माण और संचालन के दौरान पंजाब सरकार और स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग मिला, जिसके चलते अब तक एक भी दिन उत्पादन या संचालन प्रभावित नहीं हुआ। प्रभ दास ने कहा कि पंजाब सरकार की उद्योग-हितैषी नीतियों और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के चलते कंपनी को काम करने के लिए अनुकूल माहौल मिला है।

उन्होंने कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को एक दूरदर्शी, गतिशील और सुधारवादी नेता बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पंजाब का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है, जिससे उद्योगों, उद्यमियों और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे।

कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि एचएमईएल हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड जो एक नवरत्न और फॉर्च्यून 500 सार्वजनिक उपक्रम है और मित्तल एनर्जी इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर के बीच एक ऐतिहासिक सार्वजनिक-निजी साझेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि यह परियोजना पंजाब की सबसे बड़ी औद्योगिक सफलताओं में से एक बन चुकी है और राज्य सरकार कंपनी को भविष्य में होने वाले सभी विस्तार कार्यों के लिए पूरा सहयोग देगी।

# मैक चॉइस में स्टील रैक गिरने से 3 महिला मजदूरों की मौत

### जालंधर देहात के धोगड़ी में फैक्ट्री हादसा


समर न्यूज़ | जालंधर



जालंधर देहात के थाना आदमपुर क्षेत्र के अंतर्गत गांव धोगड़ी में स्थित मैक चॉइस नामक औजार निर्माण यूनिट में सोमवार दोपहर एक बेहद दुखद औद्योगिक हादसा हो गया। इस हादसे में तीन महिला मजदूरों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य महिलाएं घायल हो गईं। सीनियर पुलिस कप्तान जालंधर देहात हरविंदर सिंह विर्क ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 2 बजे फैक्ट्री के अंदर लगा स्टील फ्रेम स्टोरेज रैक अचानक ढह गया। रैक पर लगभग 15 फीट की ऊंचाई पर रखे लोहे के औजारों से भरे 60 से 70 बॉक्स नीचे गिर पड़े, जो वहां काम कर रही महिला मजदूरों पर आ गिरे। हादसे में गंभीर रूप से घायल तीन महिलाओं को तुरंत फोर्टिस अस्पताल, जालंधर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान चंचल रानी (56 वर्ष), निवासी संतोषपुरा जालंधर; सिम्मी (35 वर्ष), निवासी धोगड़ी, थाना आदमपुर; और अनीता देवी, निवासी फोकल प्वाइंट, जालंधर के रूप में हुई है। इसके अलावा पांच अन्य महिला मजदूरों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। मृतकों के शवों को मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

# तख्त श्री पटना साहिब की कमेटी ने प्रकाश पर्व की तैयारियां की पूरी, ठहरने व लंगर के पुख्ता प्रबन्ध

दलजीत विक्की | पटना
समर न्यूज़



श्री गोबिन्द सिंह जी महाराज का 359वां प्रकाश पर्व 25 से 27 दिसम्बर तक तख्त श्री पटना साहिब प्रबन्धक कमेटी द्वारा बिहार सरकार वं संगत के सहयोग से श्रद्धा भावना के साथ मनाया जा रहा है जिसकी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। हजारों की गिनती में संगत के आने की उम्मीद के चलते रिहाईश, लंगर आदि के पुख्ता प्रबन्ध किए गए हैं। इस संबंध में तख्त पटना साहिब प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही एवं महासचिव इंद्रजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि तख्त पटना साहिब कमेटी द्वारा पुरातन मर्यादा के हिसाब से पोह सुदी सात को गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व बढ़ चढ़ मनाया जा रहा है जिसमें भाग लेने के लिए देश, विदेशों से भी संगत पहुंचने लगी है। 15 तारीख से प्रभात फेरीयां आरंभ हो चुकी है और 25 तारीख को सुबह बड़ी प्रभात फेरी नगर कीर्तन के रुप में तख्त पटना साहिब से आरंभ होकर पटना साहिब स्टेशन होते हुए वापिस तख्त पटना साहिब आकर समाप्त होगी।

शाम को कथा की समाप्ति के बाद कवि दरबार का आयोजन किया जाएगा जिसमें पंथ प्रसिद्ध कवि शामिल होंगे। 26 तारीख को सुबह गुरुद्वारा गाय घाट में समागम होगा जिसकी समाप्ति के बाद दोपहर बाद नगर कीर्तन निकाला जाएगा जिसकी समाप्ति देर रात तख्त पटना साहिब में होगी। तत्पश्चात दीवान सजाया जाएगा जिसमें प्रसिद्ध रागी जत्थे पहुंचकर गुरबाणी कीर्तन गायन कर संगत को निहाल करेंगे। 27 दिसम्बर को सुबह प्रातः काल (अमृत वेले)से देर रात गुरु साहिब के जन्म समय तक विषेश दीवान सजाए जायेंगे। जगजोत सिंह सोही एवं इंद्रजीत सिंह ने बताया कि प्रकाश पर्व को मनाने में बिहार के मुख्यमंत्री नितिश कुमार का पूर्ण सहयोग कर रहे है और खुद स्वयं सारे प्रोग्राम की मोनिटरिंग कर रहे हैं। प्रशासन को तख्त पटना साहिब कमेटी को तैयारियों में सहयोग देने की सख्त हिदायत दी गई है ताकि असुविधा ना हो।

# प्रिंसिपल के कहने पर सीनियर छात्रों ने की सातवीं के छात्र की पिटाई

समर न्यूज़ | हैदराबाद

हैदराबाद के कोमपल्ली इलाके से शिक्षा व्यवस्था को शर्मसार करने वाली एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक सरकारी स्कूल में सातवीं कक्षा के छात्र की बेरहमी से पिटाई कराई गई। आरोप है कि यह पिटाई किसी और ने नहीं, बल्कि स्कूल के प्रिंसिपल के सीधे आदेश पर 10वीं कक्षा के छात्रों ने की। मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग से लेकर पुलिस प्रशासन तक हड़कंप मच गया है।

घटना 23 दिसंबर की है। स्कूल में साइकिल स्टैंड पर साइकिल के पुर्जों की चोरी और टायरों की हवा निकालने को लेकर विवाद हुआ था। इसी सिलसिले में सातवीं कक्षा के छात्र फनिंद्रा सूर्या को जांच के लिए साइकिल स्टैंड भेजा गया था। इसी दौरान एक शिक्षक ने छात्र को साइकिल से छेड़छाड़ करते हुए समझ लिया और बिना पूरी जानकारी लिए उसे सीधे प्रिंसिपल के कार्यालय ले जाया गया। प्रिंसिपल कृष्णा दुंडीगल ने बिना किसी जांच या छात्र की बात सुने 10वीं कक्षा के नौ छात्रों को बुलाया और सातवीं के छात्र की लाठी से पिटाई करने का आदेश दे दिया। सीनियर छात्रों ने प्रिंसिपल के निर्देश पर छात्र की पीठ पर डंडों से हमला किया, जिससे वह बुरी तरह सहम गया और घायल हो गया। घटना का पता चलने के बाद पीड़ित छात्र के पिता ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। यह घटना शिक्षा के अधिकार अधिनियम का घोर उल्लंघन है, जिसमें शारीरिक दंड और मानसिक उत्पीड़न पर पूरी तरह रोक है। साथ ही यह बच्चों के मौलिक अधिकारों का भी हनन है। पेट बशीरबाग थाना पुलिस के निरीक्षक विजया वर्धन ने बताया कि मामले में किशोर न्याय अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# आरजीएनयूएल का 7वां दीक्षांत समारोह संपन्न

### संवैधानिक मूल्यों से ही मजबूत होगा न्याय तंत्र : सीजेआई

समर न्यूज़ | पटियाला



राजीव गांधी राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय पंजाब में 23 दिसंबर 2025 को सातवां दीक्षांत समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2023, 2024 और 2025 बैच के कुल 725 विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में डिग्रियां प्रदान की गईं, जिनमें प्रत्यक्ष और अनुपस्थित दोनों श्रेणियां शामिल रहीं।

इसके अलावा दो एलएल.डी. और नौ पीएच.डी. शोधार्थियों को भी उपाधियां दी गईं। समारोह के दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश माननीय जस्टिस पंकज मित्तल और माननीय जस्टिस राजेश बिंदल को न्याय व्यवस्था में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मानद डॉक्टर ऑफ लॉज़ की उपाधि से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) माननीय जस्टिस सूर्यकांत ने दीक्षांत भाषण देते हुए विद्यार्थियों से संविधानिक मूल्यों को अपनाने और समाज सेवा के लिए स्वयं को समर्पित करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि वकीलों की भूमिका केवल मुकदमे जीतने तक सीमित नहीं, बल्कि न्याय, निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने की जिम्मेदारी भी उनकी है। जस्टिस सूर्यकांत ने ईमानदारी, करुणा और जिज्ञासा को एक सफल कानूनी करियर के तीन आधार बताते हुए छात्रों को बदलते तकनीकी और सामाजिक परिदृश्य के अनुरूप स्वयं को तैयार करने की सलाह दी। इस अवसर पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और आरजीएनयूएल के चांसलर जस्टिस शील नागू ने छात्रों से अपने पेशे के प्रति निष्ठा, नैतिकता और समर्पण बनाए रखने का संदेश दिया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय शंकर सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और देश के विकास में विधि शिक्षा की भूमिका को रेखांकित किया।

**सुविधाएं** | गुणवत्तापूर्ण इलाज और बेहतर मैडीकल सुविधाः मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

# कॉलेजों को अपग्रेड करने के लिए 68.98 करोड़ का फंड जारी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



मेडिकल कॉलेजों में लोगों को मानक उपचार एवं मेडिकल टेस्ट की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य के प्रमुख मेडिकल कॉलेजों का काया-कल्प करने के लिए 68.98 करोड़ रुपए के फंड तुरंत जारी करने के आदेश दिए हैं।

यहां आज मेडिकल शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के इन मेडिकल कॉलेजों में इन सुविधाओं का विस्तार करना समय की जरूरत थी ताकि लोगों को बेहतर इलाज के साथ-साथ मेडिकल टेस्ट की सुविधा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि इन मेडिकल कॉलेजों को अति-आधुनिक एवं विश्व स्तरीय मशीनरी से लैस करना आवश्यक है ताकि ये मरीजों को बेहतर तरीके से सेवाएं दे सकें। भगवंत सिंह मान ने मेडिकल शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि इन मेडिकल कॉलेजों में सुविधाओं को अपग्रेड करने के लिए तुरंत 68.98 करोड़ रुपए जारी किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 26.53 करोड़ रुपए सरकारी मेडिकल कॉलेज अमृतसर, 28.51 करोड़ रुपए सरकारी मेडिकल कॉलेज पटियाला, 9.43 करोड़ रुपए डॉ. बी.आर. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एस.ए.एस. नगर (मोहाली) तथा 4.51 करोड़ रुपए पी.जी.आई. सैटेलाइट सेंटर, फिरोजपुर के लिए तुरंत दिए जाएं। उन्होंने कहा कि इन फंडों का उपयोग आधुनिक मशीनें एवं अन्य उपकरण खरीदने के साथ-साथ मेडिकल कॉलेजों में विकास कार्यों के लिए किया जाए। भगवंत सिंह मान ने दोहराया कि हमारी सरकार पंजाब को विश्व भर में मेडिकल शिक्षा का गढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इससे इलाज एवं मेडिकल टेस्ट की सुविधाओं को और बल मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में यह कार्य समयबद्ध एवं उचित तरीके से पूरा किया जाए ताकि लोगों को इलाज की सुविधाएं किफायती दरों पर उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि पंजाब का इतिहास रहा है कि इसने विश्व स्तरीय डॉक्टर पैदा किए हैं और आज भी राज्य में बड़ी संख्या में विद्यार्थी डॉक्टर बनने के लिए मेडिकल शिक्षा ले रहे हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन मेडिकल कॉलेजों में मानक शिक्षा देना राज्य सरकार का फर्ज है ताकि मेडिकल शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को बड़े स्तर पर लाभ मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन मेडिकल कॉलेजों का काया-कल्प करने का एकमात्र उद्देश्य लोगों की मानक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इन प्रमुख कॉलेजों में मानक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने से आम आदमी की भलाई सुनिश्चित होगी। भगवंत सिंह मान ने दोहराया कि राज्य सरकार इस जनकल्याणकारी कार्य के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा, अतिरिक्त मुख्य सचिव अलोक शेखर, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य कुमार राहुल, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव डॉ. रवि भगत तथा अन्य उपस्थित थे।

सा SUMMER न्यूज़

# समर प्राइम 3


www.summerexpress.in

24 दिसंबर 2025

समर एक्सप्रेस

## मैं बोलूंगा तो...

### ओपीडी नहीं, ओकटागन खुला था!



समर न्यूज़ | लुधियाना

मैं बोलूँगा तो कोई कहेगा—ये अस्पताल है। मैं बोलूँगा तो वीडियो बोलेगा—नहीं साहब, ये तो फाइट क्लब है।

और अगर सच बोल दिया तो फिर वही सवाल—

"क्या घर में भी ऐसे ही बात करते हो?" शिमला के IGMC में इलाज अब लेटकर नहीं, लड़कर हो रहा है। एंडोस्कोपी बेड पर मरीज था, डॉक्टर सामने खड़े थे और माहौल ऐसा कि लगा "अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप—हिमाचल एडिशन" की शूटिंग चल रही है। 16 सेकंड का वीडियो है, लेकिन असर 16 साल का—पूरा सिस्टम चक्कर खाकर गिर पड़ा।

डॉक्टर बोले—सीधे लेटो।

मरीज बोला—सीधा ही तो हूं।

डॉक्टर का पारा चढ़ा, मरीज की टेंशन बढ़ी और मेडिकल साइंस ने कहा—अब मैं चलती हूं।

कहते हैं पहले शब्द चले, फिर हाथ चले और आख़िर में लातों ने मेडिकल रिपोर्ट लिख दी। स्टेथोस्कोप साइड में पड़ा था, काम आया तो सिर्फ़ किक एंड पंच थेरेपी। मरीज ने भी सोचा—जब डॉक्टर इलाज में इतना "इंटरेस्ट" ले रहे हैं तो हम भी सहयोग कर लेते हैं। वार्ड में भर्ती दूसरे मरीज बेचारे कंबल ओढ़कर तमाशा देख रहे थे— कोई सोच रहा था, "भैया ये सरकारी अस्पताल है या प्राइवेट शो?" कोई दुआ कर रहा था—"हे भगवान, मेरी बारी आने से पहले रेफरी भेज देना।"

बीच-बचाव करने वाले स्टाफ को भी डांट पड़ गई। मतलब साफ था— ये वन-टू-वन कंसल्टेशन है, भीड़ मना है। वीडियो वायरल हुआ तो सिस्टम को ऑक्सीजन लगी। जांच बैठी, बयान आए, अफसर जागे। मुख्यमंत्री बोले—निष्पक्ष जांच होगी। अब सवाल ये है कि जांच ये तय करेगी— गलती भाषा की थी या बॉडी लैंग्वेज की? इलाज गलत था या एंगल सही नहीं था? डॉक्टर कहते हैं—सम्मान चाहिए।

मरीज कहते हैं—इंसान समझो।

और अस्पताल कहता है—हम पर मत जाओ, वीडियो एडिटेड है।

असल बीमारी कहीं और है।

डॉक्टर दबाव में है।

मरीज परेशान है।

और सिस्टम ICU में वेंटिलेटर खोज रहा है। अंत में मैं बस इतना ही बोलूँगा—


अस्पताल में चुप्पी दवा होती है, चिल्लाना नहीं।

यहां पर्ची कटनी चाहिए, फाइट नहीं। लेकिन मैं बोलूँगा तो फिर वही आवाज आएगी—

"छोड़ो यार, अगला वीडियो कब आएगा?" #MainBolungaTo #SummerExpress #SummerNews #BakwaasBulletin #SatireShots#FakeSeriousNew

## Good DAY

समर न्यूज़ | लुधियाना



आज का दिन आपके जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और अच्छे अवसर लेकर आए। हर सुबह हमें यह याद दिलाती है कि बीता हुआ कल जैसा भी रहा हो, आज एक नई शुरुआत का मौका है। गहरी सांस लें, अपने लक्ष्य तय करें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। ईमानदारी और मेहनत से उठाया गया हर छोटा कदम भी बड़ी सफलता की ओर ले जाता है। जीवन में चुनौतियां आएंगी, लेकिन उन्हें सीख के रूप में स्वीकार करें, क्योंकि यही आपको मजबूत और समझदार बनाती हैं। अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें और धैर्य न खोएं—परिश्रम का फल अवश्य मिलता है। आज उन चीज़ों के लिए समय निकालें जो वास्तव में मायने रखती हैं, चाहे वह ईमानदारी से किया गया काम हो या अपनों के साथ बिताए गए पल। कम चिंता करें, अधिक मुस्कुराएं और सकारात्मक बने रहें। आपका आज का दिन शांतिपूर्ण, सफल और खुशियों से भरा हो। शुभ दिन!

**-दीपिका सन्नी भल्ला**
**पार्षद वार्ड न 69**

# अकाली-भाजपा गठबंधन के बाद भी नहीं बना पाएगी सरकार: वड़िंग

### बोले; 2027 चुनाव में 70 सीटों पर फर्स्ट टाइम कैंडिडेट को चुनाव लड़वाना चाहता हूं

तपिन मल्होत्रा | चंडीगढ़
समर न्यूज़



इंटरव्यू को पूरा सुनने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें

आठ-आठ घंटे बोलते हुए कई बार गलत बात मुंह से निकल जाती है। उसके पीछे कोई मंशा नहीं होती। बहुत सारे लीडरों के मुंह से भी बोलते-बोलते फ्लो में कुछ गलत निकल जाता है। कुछ भी कहने के पीछे नीयत और मंशा गलत नहीं होती, जबकि शब्दों का गलत चयन हो जाता है। यह बात कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने समर न्यूज को साक्षात्कार देते हुए साझा की।

राजा वड़िंग ने बताया कि वह विधानसभा के चुनावों में मुख्यमंत्री रहने का कोई दावा नहीं करेंगे। 2027 के चुनाव में राहुल गांधी और खड़गे पार्टी हाईकमान ही मुख्यमंत्री बनाएगी। दिल सभी लीडर का करता है कि वह मुख्यमंत्री बने। उन्होंने बताया कि 117 विधानसभा सीटों में से 70 सीटों के उम्मीदवार ऐसे होने चाहिए, जिन्होंने कभी चुनाव नहीं लड़ा हो। 47 सीटें जो पुराने लोग हैं, उनको टिकट देंगे। वह फर्स्ट टाइमर को चुनाव लड़वाना है। पुराने चेहरों से भी लोग खफा होते हैं। लोगों को नया चाहिए। आज यंग जनरेशन का ट्रेंड है। पार्टी के मतभेद पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सभी दलों में आपसी मतभेद होते हैं। कांग्रेस पार्टी एक है।

सुखबीर सिंह बादल पर तंज कसते हुए कहा कि जिला परिषद चुनाव और ब्लॉक समिति के आंकड़े देख लो। चार सीटों पर उपचुनाव तो वह लड़े नहीं। ब्लॉक समिति और जिला परिषद चुनाव के आंकड़ों से लगता है अगर अकाली और भाजपा का गठजोड़ भी हो रहा हो तब भी उनकी सरकार नहीं आ रही। तब भी कांग्रेस से नीचे ही हैं। पंजाब का ग्रामीण सिख भाजपा को वोट नहीं डालेगा। वह अगर अकाली को वोट डालता है तो अलायंस होने के बाद वह ना तो अकाली को वोट डालेगा और ना ही भाजपा को वोट डालेगा। कोई भी व्यक्ति पार्टी की बदनामी करेगा पार्टी उसको स्वीकार नहीं करेगी। अगर कोई व्यक्ति मर्यादा से गिरकर पार्टी के बारे में कोई बात करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी। अकाली दल बहुत डाउन पर आ गया है। अमृतसर से लेकर फिरोजपुर तक अकाली दल के पास कोई कैंडिडेट ही नहीं है। 2027 में कांग्रेस पंजाब में सरकार बनाएगी उम्मीद ये उम्मीद है। जिस प्रकार के हालात हैं लोगों के चेहरे देखकर आभास हो रहा है कि कांग्रेस की वापसी हो रही है।

### काला टिब्बा गांव के छात्रों की पढ़ाई प्रभावित

# सरकारी स्कूल में 3 महीने से अंग्रेजी शिक्षक ही नहीं



समर न्यूज़ | अबोहर

अबोहर उप-मंडल के काला टिब्बा गांव स्थित सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल में पिछले तीन महीनों से अंग्रेज़ी विषय का शिक्षक न आने के कारण छात्रों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इसी मुद्दे को लेकर आज सुबह कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच स्कूल के छात्रों ने अपने परिजनों के साथ स्कूल के बाहर धरना दिया।

छात्रों का आरोप है कि अंग्रेज़ी शिक्षक पिछले तीन महीनों से स्कूल नहीं आ रहा, जिससे उनकी पढ़ाई में लगातार व्यवधान आ रहा है। नाराज़ छात्रों और अभिभावकों ने चेतावनी दी कि जब तक जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) मौके पर पहुंचकर लिखित आश्वासन नहीं देते, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।

इस दौरान गांव की सीएमसी कमेटी के चेयरमैन कालू राम, जो ठंड के बावजूद धरने में मौजूद रहे, ने कहा कि शिक्षक की अनुपस्थिति के चलते छात्रों का भविष्य अंधकार में जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई और बच्चे परीक्षा में असफल होते हैं, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

वहीं, स्कूल के हेडमास्टर दिनेश कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से आश्वासन दिया गया है कि जनवरी से पहले स्कूल में एक अंग्रेज़ी शिक्षक की नियुक्ति कर दी जाएगी।

# कक्षा से अंतरिक्ष तक: कॉलेजों में स्पेस लैब स्थापित करेगा

### 2047 तक वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति बनने की तैयारी

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

2047 तक अंतरिक्ष क्षेत्र में मजबूत पकड़ बनाने के लक्ष्य के साथ भारत ने अपने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ा दिए हैं। देशभर के चुनिंदा उच्च शिक्षण संस्थानों में अत्याधुनिक 'अंतरिक्ष प्रयोगशालाएं' स्थापित की जाएंगी, ताकि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के अनुरूप कुशल और प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार किया जा सके। इसके तहत भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACE) ने देश में सात अंतरिक्ष प्रयोगशालाएं स्थापित करने की योजना तैयार की है। इसका उद्देश्य कक्षा आधारित पढ़ाई को प्रयोगशाला के व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना है। इन प्रयोगशालाओं के माध्यम से छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीक में हाथों-हाथ प्रशिक्षण के साथ-साथ वास्तविक अंतरिक्ष परियोजनाओं की कार्यप्रणाली से भी रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

**▪ आरएफपी जारी, संस्थानों को मिलेगा 75% तक वित्तीय सहयोग...**

*योजना को लागू करने के लिए IN-SPACE ने रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी कर दी है। इसके तहत चयनित संस्थानों में आधुनिक स्पेस लैब स्थापित की जाएंगी। कुल परियोजना लागत का 75 प्रतिशत तक, अधिकतम 5 करोड़ रुपये प्रति संस्थान की सरकारी सहायता दी जाएगी। IN-SPACE प्रमोशन निदेशालय के निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि यह पहल उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच सार्थक सहयोग को बढ़ावा देगी और भारत को वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में अग्रणी बनाने के दीर्घकालिक लक्ष्य को मजबूती देगी।*

**▪ हर क्षेत्र से चुने जाएंगे संस्थान...**

*योजना के तहत देश के सात अलग-अलग क्षेत्रों से चरणबद्ध तरीके से अधिकतम सात संस्थानों का चयन किया जाएगा। पात्रता शर्तों में संस्थान का कम से कम पांच वर्ष पुराना होना, NIRF रैंकिंग में शीर्ष-200 में होना और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से जुड़े पाठ्यक्रम संचालित करना शामिल है।*

**▪ स्वदेशी स्टार्टअप 'दिगंतर' करेगा अंतरिक्ष से मिसाइल ट्रैकिंग...**

*इसी बीच, बेंगलुरु आधारित भारतीय स्टार्टअप दिगंतर अंतरिक्ष में मलबे की निगरानी के साथ-साथ अब अंतरिक्ष से मिसाइल ट्रैकिंग के क्षेत्र में भी कदम रखने जा रहा है। दिगंतर इंडस्ट्रीज के सह-संस्थापक और सीईओ अनिरुद्ध शर्मा ने बताया कि कंपनी 2026-27 तक कई सर्विलांस और अल्बाट्रास उपग्रह लॉन्च करेगी, जिससे मिसाइलों की सटीक पहचान और समय रहते चेतावनी जारी की जा सकेगी।*

# एम्स शोध: युवाओं में अचानक हो रही मौतों और कोविड वैक्सीन के बीच प्रत्यक्ष कोई संबंध नहीं

समर न्यूज़ | चंडीगढ़




भारत में कोविड-19 महामारी के दौरान करोड़ों लोगों को वैक्सीन दी गई। स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े कोविन पोर्टल के अनुसार दिसंबर 2025 तक देश में 220 करोड़ से अधिक वैक्सीनेशन डोज़ लगाए जा चुके हैं। वैश्विक स्तर पर वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन के मुताबिक 2024 के अंत तक दुनिया भर में 13.64 अरब से ज्यादा डोज़ लगाई जा चुकी हैं और डब्ल्यूएचओ आज भी कोविड वैक्सीन की सिफारिश करता है। इसी बीच एम्स नई दिल्ली की एक नई स्टडी सामने आई है, जिसने युवाओं में अचानक हो रही मौतों और कोविड वैक्सीन के बीच किसी भी प्रत्यक्ष संबंध से इनकार किया है। स्टडी के मुताबिक, युवाओं में अचानक मौतों का मुख्य कारण दिल से जुड़ी बीमारियां हैं, न कि कोविड संक्रमण या वैक्सीनेशन।

**▪ एम्स की स्टडी में क्या सामने आया...**

एम्स दिल्ली के पैथोलॉजी और फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग ने मई 2023 से अप्रैल 2024 के बीच एक साल तक ऑटोप्सी आधारित अध्ययन किया। यह रिसर्च इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में प्रकाशित हुई है, जो इंडियन कौंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च का प्रमुख जर्नल है। स्टडी में दुर्घटना, आत्महत्या, हत्या और ड्रग एब्यूज से हुई मौतों को शामिल नहीं किया गया। इसमें 19 से 45 वर्ष के 94 युवा और 46 से 65 वर्ष के 68 बुजुर्गों के मामलों का विश्लेषण किया गया। युवाओं की औसत उम्र 33.6 वर्ष पाई गई।

**▪ युवाओं में मौतों के प्रमुख कारण एम्स की रिपोर्ट के अनुसार...**

▪ युवाओं की करीब दो-तिहाई मौतों का कारण दिल की बीमारियां रहीं।

▪ इन मामलों में 85% में कोरोनरी आर्टरी डिजीज (कैड) पाई गई, यानी दिल की नसों में 70% से ज्यादा ब्लॉकेज।

▪ सबसे अधिक प्रभावित नस लेफ्ट एंटीरियर डिसेंडिंग आर्टरी रही।

▪ करीब एक-तिहाई मामलों में सांस से जुड़ी बीमारियां जैसे निमोनिया और टीबी कारण बनीं।

▪ शराब और स्मोकिंग को भी एक बड़ा जोखिम कारक बताया गया।

हालांकि लगभग 20% मामलों में ऑटोप्सी के बाद भी मौत की स्पष्ट वजह सामने नहीं आ सकी।

**▪ वैक्सीन पर सवाल और विशेषज्ञों की आपत्ति...**

पुणे के डीवाई पाटिल मेडिकल कॉलेज के एमेरिटस प्रोफेसर डॉ. अमिताभ बनर्जी ने स्टडी पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिन 20% मामलों में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ, उनमें वैक्सीन की भूमिका को और गहराई से जांचा जाना चाहिए था। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि यूरोप के कुछ देशों ने कोविशील्ड वैक्सीन को दुर्लभ लेकिन गंभीर साइड इफेक्ट्स, जैसे ब्लड क्लॉट्स और वीआईटीटी, के चलते अस्थायी रूप से निलंबित किया था।

डॉ. बनर्जी का कहना है कि ये साइड इफेक्ट्स "रेयरेस्ट ऑफ द रेयर" हैं, लेकिन बड़े पैमाने पर वैक्सीनेशन होने से प्रभावित लोगों की संख्या बढ़ सकती है।

**▪ एम्स और अन्य डॉक्टरों का पक्ष...**

एम्स दिल्ली के प्रोफेसर और स्टडी के सह-लेखक डॉ. सुधीर अरावा का कहना है कि शुरुआती रिसर्च से साफ है कि युवाओं में अचानक मौतों का कोविड वैक्सीन से कोई संबंध नहीं है। वहीं सर गंगाराम अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर डॉ. मोहसिन वली का कहना है कि वैक्सीन को दोष देने के बजाय युवाओं की बिगड़ती जीवनशैली पर ध्यान देने की जरूरत है। उनके अनुसार तनाव, नींद की कमी और स्मोकिंग—ये तीन "S" भारत में कम उम्र में हार्ट अटैक की बड़ी वजह बन रहे हैं। एम्स की स्टडी यह संकेत देती है कि युवाओं में अचानक मौतों के पीछे जीवनशैली से जुड़ी समस्याएं और दिल की बीमारियां सबसे बड़ा कारण हैं। वैक्सीन को लेकर फैली आशंकाओं के बीच विशेषज्ञ इस बात पर जोर दे रहे हैं कि वैज्ञानिक तथ्यों पर भरोसा किया जाए, गलत सूचनाओं से बचा जाए और युवाओं में नियमित जांच, स्वास्थ्य शिक्षा और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दिया जाए।

**पेज 3 एंकर स्टोरी** गैर-मान्यता प्राप्त सियासी दलों-चैरिटेबल संस्थाओं को दान दिखा कर छूट का लाभ लेने वालों की जांच

# छूट के दावों की दोबारा जांच करेगा को ईमेल से मिलेगी चेतावनी

समर न्यूज़ | लुधियाना

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने दान के नाम पर टैक्स छूट के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग को देखते हुए एक व्यापक जांच अभियान शुरू किया है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस (CBDT) की डेटा एनालिटिक्स में सामने आया है कि बड़ी संख्या में टैक्सपेयर्स ने बिना मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और संदिग्ध चैरिटेबल संस्थाओं को दान दिखाकर गलत तरीके से टैक्स छूट का लाभ लिया। इस खुलासे के बाद विभाग ने ऐसे टैक्सपेयर्स को SMS और ईमेल के जरिए अलर्ट भेजना शुरू कर दिया है, ताकि वे अपने इनकम टैक्स रिटर्न की समीक्षा कर सकें और जरूरत होने पर सुधार कर लें। वित्त मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि यह कार्रवाई गहन डेटा विश्लेषण के बाद की गई है। जांच में दान से जुड़े प्रावधानों के तहत बड़ी मात्रा में फर्जी दावे पकड़े गए हैं। इन दावों के जरिए व्यक्तियों और कंपनियों ने न सिर्फ अपनी टैक्स देनदारी कम की, बल्कि कई मामलों में गलत रिफंड भी हासिल कर लिया। मंत्रालय के अनुसार, जांच में यह सामने आया कि रजिस्टर्ड अनरिकॉग्नाइज्ड पॉलिटिकल पार्टियां इस पूरे नेटवर्क में अहम भूमिका निभा रही थीं। कई ऐसी संस्थाएं इनकम टैक्स रिटर्न फाइल नहीं कर रही थीं, अपने रजिस्टर्ड पते पर मौजूद नहीं थीं और न ही किसी तरह की राजनीतिक गतिविधि कर रही थीं। इसके बावजूद इनके नाम पर दान दिखाकर टैक्स छूट ली जा रही थी। तलाशी के दौरान ऐसे सबूत भी मिले, जिनसे संकेत मिला कि इन संस्थाओं का इस्तेमाल हवाला लेन-देन, अवैध फंड रूटिंग, सीमा पार भुगतान और फर्जी दान रसीदें जारी करने के लिए किया जा रहा था।




CBDT की जांच में यह भी पाया गया कि कुछ मामलों में व्यक्तियों ने फर्जी दान दिखाकर टैक्स बचाया, जबकि कंपनियों ने बिना किसी वास्तविक सामाजिक या चैरिटेबल गतिविधि के फर्जी सीएसआर खर्च बुक किया। इन संस्थाओं ने बड़ी संख्या में रसीदें जारी कीं, जिनका जमीन पर कोई वास्तविक अस्तित्व नहीं था।12 दिसंबर 2025 से टैक्स डिपार्टमेंट ने उन टैक्सपेयर्स को SMS और ईमेल भेजना शुरू कर दिया है, जिनके दान संबंधी दावे संदिग्ध पाए गए हैं या जिन्होंने दान की सत्यता साबित करने के लिए पर्याप्त जानकारी नहीं दी है। इसे विभाग ने "टैक्सपेयर-फ्रेंडली नज अभियान" का नाम दिया है। टैक्सपेयर्स ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए अपने रिटर्न में सुधार किया है और पिछले वर्षों के लिए अपडेटेड इनकम टैक्स रिटर्न भी दाखिल किए हैं। विभाग का मानना है कि यह कदम टैक्स अनुपालन को बेहतर बनाने में मदद करेगा। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने टैक्सपेयर्स से अपील की है कि वे यह सुनिश्चित करें कि जिन संस्थाओं को उन्होंने दान दिया है, वे वास्तव में मान्यता प्राप्त और टैक्स छूट के लिए पात्र हैं। साथ ही, दान की रसीदों और संबंधित दस्तावेजों की सावधानीपूर्वक जांच करना भी जरूरी है। विभाग के साथ पंजीकृत मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी को अपडेट रखना भी अहम बताया गया है, ताकि किसी भी तरह की सूचना समय पर मिल सके।

विशेषज्ञों के मुताबिक, दान के जरिए टैक्स बचत करना लंबे समय से एक लोकप्रिय तरीका रहा है, लेकिन मौजूदा कार्रवाई यह याद दिलाती है कि टैक्स बचत की हर रणनीति नियमों के दायरे में और सही दस्तावेजों के साथ होनी चाहिए। यदि किसी टैक्सपेयर ने मान्यता प्राप्त न संस्थाओं को दान दिखाकर छूट ली है, तो उस पर छूट वापस ली जा सकती है, टैक्स मांग नोटिस जारी हो सकता है और जुर्माना भी लग सकता है। ऐसे में जिन लोगों को विभाग की ओर से SMS या ईमेल मिला है, उन्हें इसे गंभीरता से लेकर तुरंत अपने रिटर्न की जांच करनी चाहिए और किसी भी गलती को समय रहते सुधार लेना चाहिए।

# वीआईपी नंबरों की ई-नीलामी से 2.96 करोड़ रुपए की कमाई



समर न्यूज़ | चंडीगढ़


यूटी चंडीगढ़ की रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंसिंग अथॉरिटी (RLA) द्वारा 20 दिसंबर 2025 से 22 दिसंबर 2025 तक नई सीरीज़ "CH01-DC"के तहत वाहनों के पंजीकरण नंबरों की ई-नीलामी आयोजित की गई। इस नीलामी में 0001 से 9999 तक के फैंसी और पसंदीदा नंबरों के साथ-साथ पिछली सीरीज़ के बचे हुए विशेष नंबर भी शामिल किए गए। ई-नीलामी के दौरान कुल 485 वाहन पंजीकरण नंबरोंकी बोली लगाई गई, जिससे प्रशासन को 2 करोड़ 96 लाख 31 हजार रुपयेका महत्वपूर्ण राजस्व प्राप्त हुआ। नीलामी में सबसे अधिक बोली वाहन पंजीकरण नंबर "CH01-DC-0001"के लिए लगी, जिसे 31 लाख 35 हजार रुपयेमें खरीदा गया। वहीं, वाहन नंबर "CH01-DC-0009"को 20 लाख 42 हजार रुपयेकी दूसरी सबसे बड़ी बोली मिली। आरएलए अधिकारियों के अनुसार, फैंसी नंबरों को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया और ई-नीलामी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सफल रही।

# अंगीठी जलाने से पांच मजदूरों की मौत

## ठेकेदार समेत 5 मजदूरों की होटल रूम में संदिग्ध मृत्यु

समर न्यूज | कुरुक्षेत्र

जिले के एक होटल में सोमवार की रात को काम से लौटकर सो रहे पांच मजदूरों की मौत की घटना सामने आई है। पुलिस और होटल कर्मचारियों के अनुसार, मृतकों में एक ठेकेदार और चार मजदूर शामिल थे, जो उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के रहने वाले थे। सभी मजदूर पेंटिंग का काम करने के लिए कुरुक्षेत्र आए थे। होटल के मैनेजर उपेंद्र नैन ने बताया कि सोमवार की शाम को सहारनपुर के शेखपुरा कदीम निवासी ठेकेदार नूर अपने चार मजदूरों के साथ होटल में आए थे। मजदूरों ने शाम को खाना खाया और कमरे में सो गए। मंगलवार सुबह जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला, तो होटल कर्मचारी कंवरपाल ने मैनेजर को सूचना दी। इसके बाद मैनेजर ने पुलिस को बुलाया।


पुलिस कमरे में जांच करती हुई। - समर न्यूज

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और पहले खटखटा कर दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। अंदर का दृश्य देखकर सभी पुलिसकर्मी और होटल कर्मचारी सकते में आ गए। कमरे के अंदर पांचों लोग बेसुध पड़े थे। सभी को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक जांच के अनुसार, होटल के कमरे में तसले में कोयले जलाए गए थे। पुलिस का अनुमान है कि कोयले के धुएं के कारण ही पांचों की दम घुटने से मौत हुई है। होटल के मैनेजर ने बताया कि मृतक रात को खाना खाकर सो गए थे और कमरे में ही कोयले की अंगीठी जलाई गई थी। पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए हैं। मृतकों में दो मजदूरों की पहचान राजकुमार और रोशन के रूप में हुई है, जबकि अन्य दो मजदूरों की पहचान अभी की जा रही है। पुलिस होटल मालिक और ठेकेदार नूर से भी पूछताछ कर रही है। यह घटना सुरक्षा और सतर्कता की दृष्टि से गंभीर मानी जा रही है। पुलिस ने होटल मालिक से आवश्यक जानकारी जुटाने के साथ ही आसपास के सुरक्षा उपायों की समीक्षा शुरू कर दी है। अधिकारी बता रहे हैं कि आगे की जांच में सभी पहलुओं की गहन जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## धुंध के कारण सड़क हादसे में चार घायल

समर न्यूज | यमुनानगर

घनी धुंध के कारण व्यासपुर–साढ़ौरा मार्ग पर मंगलवार सुबह सड़क हादसा हो गया। एलबीएस शिक्षण संस्थान के समीप डंपर, निजी बस और गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में दो छात्राओं सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मार्ग के दोनों ओर करीब एक घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे घनी धुंध छाई हुई थी। दृश्यता बेहद कम होने के कारण वाहन चालक लाइट जलाकर रेंग-रेंग कर चल रहे थे। इसी दौरान साढ़ौरा की ओर से आ रही एक निजी बस एलबीएस शिक्षण संस्थान के पास छात्राओं को उतारने के लिए सड़क किनारे रुकी। बस के पीछे साइकिल पर सवार करनैल और कर्मबीर भी रुक गए। उनके पीछे गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली का चालक भी बस को खड़ा देख रुक गया।

बाइक रिपेयरिंग की दुकान पर हुआ हादसा, दो घायल

# कंप्रेसर टंकी फटने से दो युवकों की मौत

समर न्यूज | भिवानी

हरियाणा के भिवानी जिले के मंढोली कला गांव में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। बाइक रिपेयरिंग की एक दुकान में हवा भरने वाले कंप्रेसर की टंकी अचानक फट गई। तेज धमाके के साथ दुकान की छत और दीवारें उड़ गईं, जिससे मौके पर मौजूद दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, गांव में स्थित बाइक रिपेयरिंग की दुकान पर दुकानदार ऋषि और एक अन्य युवक विजेंद्र बैठे हुए थे। इसी दौरान दुकान में रखा कंप्रेसर अचानक तेज धमाके के साथ फट गया। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि दुकान की छत और दीवारें टूटकर बिखर गईं और मलबा आसपास की सड़क तक जा गिरा।


टंकी फटने से बिखरा सामान। - समर न्यूज

धमाके की चपेट में आकर दुकान में मौजूद ऋषि और विजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, सड़क से गुजर रहे दो अन्य युवक भी मलबा गिरने से बुरी तरह जख्मी हो गए। हादसे के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने दुकानदार ऋषि और युवक विजेंद्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो अन्य घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज जारी है।

सूचना मिलने पर बहल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जांच में कंप्रेसर टंकी के अधिक दबाव में फटने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि हादसे के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। इस हादसे ने गांव में शोक की लहर दौड़ा दी है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की दुकानों में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों की नियमित जांच की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।


# जिला अदालत से आरोपी ने फरार होने का किया प्रयास

## पुलिस की मुस्तैदी से पकड़ा गया, मारपीट मामले में है आरोपी

समर न्यूज | हिसार

जिला अदालत परिसर से एक बार फिर आरोपी के फरार होने का मामला सामने आया है। हालांकि, कोर्ट सुरक्षा पुलिस की मुस्तैदी से आरोपी को तुरंत पकड़ लिया गया। आरोपी की पहचान सिवानी निवासी राहुल उर्फ बंटी के रूप में हुई है, जिसे हिरासत में लेकर दोबारा कोर्ट में पेश किया गया। जानकारी के अनुसार राहुल आजाद नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैमरी रोड पर एक महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में आरोपी है। इसी केस में सोमवार को उसकी पेशी ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सचिन सिंघल की अदालत में थी।

बताया गया है कि कोर्ट पहुंचते ही पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर कोर्ट चौकी में पूछताछ शुरू की। इसी दौरान आरोपी ने पुलिस को चकमा दिया और फरार हो गया। वह कोर्ट परिसर की ओर ही भागने लगा, जिससे वहां कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही कोर्ट सुरक्षा पुलिस सतर्क हो गई। मौके पर मौजूद बालसमंद चौकी के एएसआई रविंद्र और कोर्ट चौकी सुरक्षा इंचार्ज रमेश चंद्र ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया। इसके बाद राहुल को दोबारा अदालत में पेश किया गया। 6 अप्रैल 2019 को आजाद नगर थाना क्षेत्र के कैमरी रोड पर एक महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट की घटना हुई थी। आरोप था कि पति के कथित अवैध संबंधों का विरोध करने पर दो महिलाओं ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पीड़िता पर लाठी-डंडों और रॉड से हमला किया था। इस मामले में पुलिस ने दो नामजद महिलाओं और दो युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। स्थानीय अदालत ने आरोपी राहुल और अनुज के खिलाफ मारपीट, घर में घुसकर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप तय किए थे। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 23 दिसंबर की तारीख तय की है, जिसमें शिकायतकर्ता और जांच अधिकारी को गवाही के लिए समन जारी किए गए हैं।




# हनी ट्रैप गिरोह का पुलिस ने किया भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

समर न्यूज | भिवानी

सीआईए द्वितीय ने भिवानी में बड़ी कार्रवाई करते हुए हनी ट्रैप गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दो युवतियों सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो सुनियोजित तरीके से लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनसे मोटी रकम वसूलते थे। पुलिस के अनुसार गिरोह अब तक चार से पांच लोगों को अपना शिकार बना चुका है, जबकि इसमें शामिल दो से तीन आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश लगातार जारी है।

मामले का खुलासा करते हुए डीएसपी महेश कुमार ने बताया कि हिसार निवासी ठेकेदार देवेंद्र की शिकायत पर शहर थाना भिवानी में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार 16 सितंबर को गांव मिताथल हाल विद्या नगर निवासी प्रिया (28) ने देवेंद्र को व्हाट्सएप कॉल की। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई और धीरे-धीरे नजदीकियां बढ़ीं।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। - समर न्यूज

डीएसपी के मुताबिक 22 अक्तूबर को देवेंद्र चरखी दादरी जाने वाला था। इसी दौरान उसने प्रिया से भिवानी में मिलने की बात कही। देवेंद्र बस स्टैंड भिवानी पहुंचा, जहां प्रिया उससे मिली। इसके बाद युवती अपनी स्कूटी पर आगे-आगे चलती हुई देवेंद्र को हनुमान ढाणी स्थित एक किराए के मकान पर ले गई। मकान में पहुंचते ही प्रिया ने अपने साथियों को इशारा कर दिया। कुछ ही देर में चरखी दादरी के गांव जेवली निवासी संदीप (35) और राहुल (24) कमरे में दाखिल हुए और देवेंद्र के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उसकी आपत्तिजनक वीडियो बना ली और उसे वायरल करने व झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 10 लाख रुपये की मांग की। डर के कारण देवेंद्र ने सौदेबाजी की, जिसके बाद पांच लाख रुपये में समझौता तय हुआ।

आरोपियों ने देवेंद्र से 99 हजार रुपये गूगल-पे के जरिए ट्रांसफर कराए और दो-दो लाख रुपये के दो चेक भी ले लिए। इसके बावजूद आरोपियों ने उसे दोबारा फोन कर और पैसों की मांग शुरू कर दी। जांच के दौरान हनुमान गेट भिवानी निवासी सीमा (32) की भूमिका भी सामने आई।

शिकायत के आधार पर 21 दिसंबर को सीआईए द्वितीय और शहर थाना भिवानी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए संदीप, राहुल, प्रिया और सीमा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन और पांच हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने झज्जर निवासी एक व्यक्ति से भी हनी ट्रैप के जरिए तीन लाख रुपये ऐंठने की बात कबूल की है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## स्कूल 1 जनवरी से 15 जनवरी तक रहेंगे बंद

समर न्यूज | चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने प्रदेश के सभी सरकारी और मान्यता प्राप्त स्कूलों में शीतकालीन अवकाश घोषित कर दिया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार, कक्षा 1 से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों के लिए स्कूल 1 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक बंद रहेंगे। स्कूल 16 जनवरी, शुक्रवार से नियमित रूप से खुलेंगे। आदेश में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अधीनस्थ विद्यालयों में इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। शीतकालीन अवकाश के दौरान सामान्य कक्षाओं का संचालन नहीं होगा। हालांकि, CBSE, ICSE और अन्य बोर्ड के अनुसार कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल परीक्षाओं के लिए स्कूल बुलाया जा सकता है। शिक्षा विभाग का कहना है कि यह निर्णय लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया गया है।

# युवक पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला

## मारपीट की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

समर न्यूज | फरीदाबाद

राजीव कॉलोनी में युवक पर 10 से 12 युवकों ने लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में 28 वर्षीय राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके दाहिने हाथ की उंगलियों में फ्रैक्चर, बाएं हाथ व दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं, जिससे वह चलने-फिरने में असमर्थ है। पूरी वारदात इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पीड़ित राहुल के अनुसार, वह रविवार शाम करीब 4:40 बजे बाइक से कच्ची सब्जी लेकर राजीव कॉलोनी मंडी जा रहा था। शराब ठेके के पास कट पर सामान लेने के लिए रुका तो पहले से घात लगाए बैठे युवकों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि सचिन, मनोज, मोहित, भूरा, केशव, मनीष और योगेश समेत अन्य ने लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई की और उसकी बाइक भी तोड़ दी। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल राहुल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि करीब 10 दिन पहले भी इन्हीं लोगों ने राहुल के साथ मारपीट और गाली-गलौज की थी, जिसे कॉलोनीवासियों ने शांत कराया था। पीड़ित का कहना है कि पिछले दो वर्षों से आरोपियों से किसी न किसी बात को लेकर रंजिश चली आ रही है। घटना के बाद राहुल ने पुलिस को लिखित शिकायत दी। सेक्टर-58 थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। घायल के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की पहचान कर जल्द सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



सीसीटीवी फुटेज में कैद आरोपी। - समर न्यूज

## अरावली कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं, हमारे अस्तित्व का सवाल है : राव नरेंद्र सिंह

समर न्यूज | चंडीगढ़

हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने अरावली पर्वतमाला को लेकर चल रहे विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि यह मुद्दा किसी राजनीतिक एजेंडे से नहीं, बल्कि हमारे भविष्य, अस्तित्व और सांसों से जुड़ा हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पहाड़ों की अहमियत उनकी ऊंचाई से नहीं, बल्कि उनके पर्यावरणीय योगदान से तय होती है और छोटी पहाड़ियां भी उतनी ही आवश्यक हैं जितनी बड़ी चोटियां। राव नरेंद्र सिंह ने 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को अरावली मानने से इनकार किए जाने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अरावली उत्तर भारत की प्राकृतिक सुरक्षा दीवार है, जो शहरों के फेफड़ों की तरह काम करती है और देश का सबसे बड़ा भूजल रिचार्ज क्षेत्र भी है।

# सरकारी जमीन पर अवैध झुग्गियां हटाने का अल्टीमेटम

## भाजपा पार्षदों और स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद नगर परिषद सख्त

समर न्यूज | अंबाला

अंबाला छावनी की पुरानी मच्छी मार्केट की खाली सरकारी जमीन पर झुग्गियां बनाकर रह रहे संदिग्ध रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों सहित अन्य प्रवासियों को नगर परिषद ने दो दिन में जगह खाली करने का अल्टीमेटम दिया है। भाजपा पार्षद व स्थानीय लोगों की शिकायत पर नगर परिषद अंबाला छावनी के चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए। नगर परिषद अधिकारियों का कहना है कि अब किसी भी हाल में सरकारी जमीन पर कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे कब्जा करने वाला रोहिंग्या हो, बांग्लादेशी हो या भारतीय नागरिक। कार्रवाई के दौरान झुग्गियों में रह रहे लोग अधिकारियों के सामने हाथ जोड़कर समय मांगते नजर आए। बताया गया कि इनमें से कुछ लोगों के पास आधार कार्ड जरूर हैं, लेकिन सरकारी जमीन पर रहने की अनुमति से जुड़े कोई वैध दस्तावेज मौजूद नहीं हैं।


मच्छी मार्केट में खाली सरकारी जमीन पर अवैध झुग्गियां। - समर न्यूज

स्थानीय निवासियों के अनुसार, पिछले करीब छह महीनों से पुरानी मच्छी मार्केट की जमीन पर अवैध झुग्गियां बनाकर कब्जा किया गया है, जिससे इलाके में चोरी की घटनाओं का डर बढ़ गया है और रात के समय आवाजाही मुश्किल हो गई है। इस संबंध में मच्छी मोहल्ला निवासियों ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज से भी शिकायत की थी। इसके बाद भाजपा शक्ति प्रमुख की पहल पर नगर परिषद द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ लोगों ने सड़क पर गोबर फेंककर रास्ते पर कब्जा कर लिया था, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो गया। नगर परिषद की टीम ने जेसीबी की मदद से सड़क को साफ कराया और भविष्य में ऐसी हरकत न करने की चेतावनी दी।

भाजपा नेता ने कहा कि नगर परिषद की ओर से दो दिन का समय दिया गया है। यदि तय समय में झुग्गियां नहीं हटाई गईं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिकायत मिलने पर चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर सुनील दत्त दलबल सहित मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों से बातचीत की। उन्होंने झुग्गियों में रह रहे लोगों को स्पष्ट निर्देश दिए कि दो दिन में अवैध कब्जा हटाया जाए, अन्यथा उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा सकती है। नगर परिषद ने साफ किया है कि सरकारी आदेशों की अवहेलना करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।

**अलर्ट** आने वाले दिनों में और बढ़ेगी ठंड

# ठंड का कहर, कोहरे से जनजीवन हुआ प्रभावित

समर न्यूज | चंडीगढ़

हरियाणा में तापमान में लगातार गिरावट का दौर जारी है और आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना जताई गई है। मंगलवार सुबह प्रदेश के अधिकांश जिलों में घनी धुंध और कोहरा छाया रहा, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई इलाकों में दृश्यता शून्य तक पहुंच गई, जिसके कारण सड़कों पर वाहन रेंग-रेंग कर चलते नजर आए और हादसों की आशंका बनी रही। पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी का असर हरियाणा में भी साफ दिख रहा है। शीतलहर के चलते रात के साथ-साथ दिन में भी ठंड ने अपने तेवर कड़े कर लिए हैं। मौसम विभाग ने 24 दिसंबर से तापमान में और गिरावट तथा पाला जमने की संभावना जताई है।


धुंध में सड़क से गुजरते वाहन। - समर न्यूज

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार, एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से हरियाणा, एनसीआर और दिल्ली में बादलों की आवाजाही बनी हुई है। दक्षिण-पूर्वी नमी वाली हवाओं के कारण वातावरण में नमी बढ़ गई है, जिससे कोहरा और धुंध देखने को मिल रही है। कोहरे के साथ चली बर्फीली हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया है और कई स्थानों पर शीत दिवस जैसे हालात बन गए हैं। पहली बार प्रदेश में दिन का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। कुरुक्षेत्र में सुबह 8 बजे तक दृश्यता शून्य रही। यहां अधिकतम तापमान 19 और न्यूनतम 8 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि 13 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली शीतलहर ने ठंड और बढ़ा दी। भिवानी में भी घनी धुंध के कारण दृश्यता शून्य रही। झज्जर में शहर में दृश्यता 30 मीटर और बाहरी इलाकों में मात्र 10 मीटर तक सिमट गई। यहां अधिकतम तापमान 20 और न्यूनतम 11 डिग्री रहा। आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन सुबह के समय कोहरा बना रहेगा। 24 दिसंबर से उत्तरी बर्फीली हवाओं के चलते भीषण ठंड, शीतलहर और पाला जमने की संभावना है।

# पैदल आए दो युवकों ने की बाइक चोरी


## सीसीटीवी में कैद हुए आरोपी, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की शुरू

समर न्यूज | गुरुग्राम

न्यू कॉलोनी इलाके में बाइक चोरी की एक चौंकाने वाली वारदात सामने आई है। पैदल आए दो युवक यामाहा R15 स्पोर्ट्स बाइक चोरी कर फरार हो गए। आरोपियों ने महज एक मिनट में बाइक का लॉक तोड़ा और दो मिनट से भी कम समय में वारदात को अंजाम देकर मौके से निकल गए।

पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे क्षेत्र के लोगों में अपने वाहनों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। न्यू कॉलोनी थाना पुलिस को दी शिकायत में बाइक मालिक मनीष ने बताया कि शनिवार शाम उन्होंने अपनी यामाहा R15 बाइक घर के बाहर खड़ी की थी।

ठंड अधिक होने के कारण वे जल्दी खाना खाकर सो गए। सुबह उठने पर बाइक मौके से गायब मिली। आसपास काफी तलाश की गई, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। जांच में सामने आया कि देर रात करीब 11 बजे चोरों ने अंधेरे का फायदा उठाकर बाइक चोरी की। शहर के कई इलाकों से लगातार दोपहिया वाहन चोरी की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस पेट्रोलिंग होती है, लेकिन चोर इतने शातिर हैं कि खुलेआम वारदात कर फरार हो जाते हैं।


आरोपी कैमरे में कैद। समर न्यूज

**सीसीटीवी में साफ दिखे आरोपी**

पीड़ित मनीष ने बताया कि पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो युवक पैदल आते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो कुछ ही पलों में बाइक लेकर फरार हो जाते हैं। उन्होंने तुरंत न्यू कॉलोनी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है और उम्मीद जताई है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस जल्द आरोपियों तक पहुंचेगी।

**पुलिस ने शुरू की जांच**

न्यू कॉलोनी थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और आसपास के इलाकों में छानबीन तेज कर दी गई है। चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष टीम गठित की गई है और नाइट पेट्रोलिंग को और सख्त किया गया है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर बाइक बरामद करने का दावा किया जा रहा है।

## सेक्टर-11 में स्नैचिंग की वारदात, स्कूटी सवार आरोपी मौके से फरार

समर न्यूज | फरीदाबाद

सेक्टर-11 में स्कूटी सवार बदमाशों ने एक बुजुर्ग को निशाना बनाते हुए उसके हाथ से 10 हजार रुपये और सोने की अंगूठी छीन ली। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। जवाहर सिंह रावत ने सेक्टर-11 चौकी पुलिस को शिकायत में बताया कि वह अपने प्लाट पर काम कर रहे थे। तभी एक स्कूटी सवार युवक आया और मेला के बारे में पूछताछ करने लगा। बुजुर्ग ने जानकारी देने से मना किया, लेकिन आरोपी ने उसके हाथ से 10 हजार रुपये और सोने की अंगूठी जोर-जबरदस्ती छीन लिए।

लूट के बाद आरोपी स्कूटी स्टार्ट करके भाग गया। जवाहर सिंह ने पीछा करने की कोशिश की, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। सेक्टर-11 पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जलवायु परिवर्तन की आहट, शिमला में चौथा सूखा दिसंबर

समर न्यूज़ | शिमला



पहाड़ों की रानी शिमला में इस वर्ष भी दिसंबर के महीने में बर्फबारी का इंतजार अधूरा रह गया। लगातार चौथे साल ऐसा होने जा रहा है जब क्रिसमस के दौरान शिमला बर्फ की सफेद चादर नहीं ओढ़ पाएगा। कभी दिसंबर की शुरुआत से ही ठंड और बर्फबारी के लिए मशहूर शिमला अब सर्दियों में भी सूखा और फीका नजर आने लगा है। मौसम के इस बदले मिजाज ने न केवल पर्यटन उद्योग को प्रभावित किया है, बल्कि स्थानीय लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी और आजीविका पर भी गहरा असर डाला है। मौसम विभाग के आंकड़े इस बदलाव की गंभीर तस्वीर पेश करते हैं। वर्ष 2022, 2023 और 2024 में दिसंबर माह के दौरान शिमला में कोई उल्लेखनीय बर्फबारी दर्ज नहीं की गई। आठ दिसंबर 2024 को केवल हल्के फाहे गिरे थे, जिन्हें बर्फबारी नहीं माना जा सकता। इससे पहले वर्ष 2021 में भी नाममात्र की बर्फबारी हुई थी, जो कुछ ही घंटों में पिघल गई। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यही रुझान जारी रहा तो आने वाले वर्षों में दिसंबर में बर्फबारी शिमला के लिए अपवाद बन सकती है। पिछले तीन दशकों के आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति और भी चिंताजनक दिखाई देती है। वर्ष 1990 से 2000 के बीच शिमला में औसतन 129.1 सेंटीमीटर बर्फ गिरती थी, जबकि 2010 से 2020 के दशक में यह औसत घटकर मात्र 80.3 सेंटीमीटर रह गया है। यानी बर्फबारी में करीब 37 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। पहले दिसंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह तक हल्की बर्फबारी आम बात मानी जाती थी, लेकिन अब जनवरी और फरवरी में भी कई बार सूखी ठंड का दौर बना रहता है। पर्यटन से जुड़े लोगों का कहना है कि पहले क्रिसमस और न्यू ईयर के दौरान रिज मैदान, मॉल रोड और कुफरी बर्फ से ढके रहते थे। सैलानी बर्फबारी का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में शिमला पहुंचते थे। होटल, टैक्सी, गाइड और अन्य पर्यटन गतिविधियां अपने चरम पर रहती थीं। अब दिसंबर में बर्फ न गिरने से सैलानियों की उम्मीदों को झटका लग रहा है, जिससे होटल बुकिंग और कारोबार में गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम में आ रहा यह बदलाव चिंता का विषय है। बर्फबारी कम होने से जल स्रोतों पर असर पड़ रहा है और ठंड के मौसम में भी पानी की समस्या गहराने लगी है। सेब उत्पादकों को भी बदलते मौसम का नुकसान झेलना पड़ रहा है, क्योंकि ठंड और बर्फबारी से जुड़ा पारंपरिक चक्र प्रभावित हो रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी, बारिश के पैटर्न में बदलाव और पश्चिमी विक्षोभ की कमजोरी बर्फबारी कम होने की प्रमुख वजह हैं। वर्ष 1901 से 2025 के बीच हिमाचल प्रदेश के औसत तापमान में लगभग 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है, जो पहाड़ी राज्यों के लिए गंभीर चेतावनी मानी जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश में 27 दिसंबर तक मौसम साफ रहने की संभावना है। हालांकि 28 और 29 दिसंबर को ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है, लेकिन शिमला में भारी बर्फबारी की उम्मीद फिलहाल नहीं है। वहीं मैदानी और कम ऊंचाई वाले इलाकों में घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। कुल मिलाकर, शिमला में दिसंबर में बर्फबारी का न होना केवल मौसम का बदलाव नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है, जिसका असर आने वाले समय में पर्यटन, पर्यावरण और स्थानीय जीवनशैली पर और गहराने की आशंका जताई जा रही है।

# ज्वाली में कैहरियां बस अड्डा मार्ग बदहाल

## गंदे पानी और गड्ढों से परेशान दुकानदारों का फूटा गुस्सा

संजीव। कांगड़ा
समर न्यूज़



बदहाल सड़कें। - समर न्यूज़

जिला कांगड़ा की जवाली विधानसभा क्षेत्र के कैहरियां–बस अड्डा मार्ग की दयनीय स्थिति ने स्थानीय दुकानदारों, मेडिकल स्टोर संचालकों और राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सड़क पर जगह–जगह गड्ढे और उनमें भरा गंदा पानी न केवल आवागमन में बाधा बन रहा है, बल्कि आसपास की दुकानों में भी गंदगी और बदबू फैल रही है। इस समस्या को लेकर स्थानीय व्यापारियों ने कृषि मंत्री चंद्र कुमार, लोक निर्माण विभाग और नगर परिषद ज्वाली के प्रति नाराजगी जाहिर की है। दुकानदारों का कहना है कि सड़क की मरम्मत को लेकर लंबे समय से शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गड्ढों में आसपास के घरों और दुकानों का गंदा पानी जमा हो जाता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरा भी बढ़ गया है। मजबूरी में दुकानदारों ने खुद ही मिट्टी और पत्थर डालकर गड्ढे भरने का प्रयास किया, लेकिन इससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। पूर्व पार्षद रवि कुमार सहित कई दुकानदारों ने बताया कि वाहनों के गुजरने पर गड्ढों का पानी उछलकर दुकानों के अंदर तक पहुंच जाता है। खासकर नजदीक स्थित अस्पताल के कारण यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही सड़क की हालत नहीं सुधरी तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि इसी मार्ग से प्रतिदिन मंत्री और अन्य सरकारी अधिकारी गुजरते हैं, इसके बावजूद सड़क की बदहाली पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। कई बार प्रशासन और संबंधित विभागों को अवगत करवाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

# किन्नौर जिले के सांगला में दलित युवक पर किया जानलेवा हमला

समर न्यूज़ | शिमला

किन्नौर जिले के सांगला क्षेत्र में एक दलित युवक पर हुए बर्बर हमले ने पूरे प्रदेश में आक्रोश पैदा कर दिया है। तीन युवकों द्वारा की गई इस मारपीट को सामाजिक संगठन शोषण मुक्ति मंच ने साफ तौर पर जातिगत और जानलेवा हमला करार दिया है। पीड़ित की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांगला से क्षेत्रीय अस्पताल रिकॉन्गपियो रेफर किया गया है। संगठन का कहना है कि यह साधारण मारपीट नहीं, बल्कि हत्या के प्रयास का मामला है। शोषण मुक्ति मंच ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि मामले की गंभीरता को जानबूझकर कम किया जा रहा है। मंच के अनुसार, पुलिस ने कमजोर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को बचाने की कोशिश की है।

# नूरपुर में नशा तस्करों से 452 ग्राम चरस बरामद

संजीव। नूरपुर
समर न्यूज़

पुलिस जिला नूरपुर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। नूरपुर पुलिस ने नशा माफिया के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए 452 ग्राम चरस और 75 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। इस कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस जिला नूरपुर के पुलिस अधीक्षक कुलभूषण वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना नूरपुर की टीम ने डिफेंस रोड पर नियमित नाकाबंदी के दौरान एक स्कूटी को जांच के लिए रोका। संदिग्ध स्कूटी का नंबर HP-38F-1073 था। स्कूटी चला रहे व्यक्ति की पहचान रवि सिंह पुत्र प्रमोद सिंह, निवासी गांव भलेटा, डाकघर काथल, जिला कांगड़ा के रूप में हुई।पुलिस द्वा रा जब स्कूटी सवार की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 452 ग्राम चरस बरामद की गई। इसके अलावा उसके पास से 75,000 रुपये नकद भी मिले, जिनके बारे में आरोपी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि नकद राशि नशा तस्करी से जुड़ी हो सकती है। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को हिरासत में लेते हुए उसके खिलाफ पुलिस थाना नूरपुर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20, 25, 61 और 85 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। एसपी कुलभूषण वर्मा ने बताया कि आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है।

## भाजपा सरकार सत्ता में आने के बाद मनरेगा और लोकतंत्र को कमजोर कर रही हैः अलका लांबा

# धर्मशाला में अलका लांबा ने किया केंद्र सरकार पर हमला

राहूल चावला। धर्मशाला
समर न्यूज़



अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा। - समर न्यूज़

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने धर्मशाला दौरे के दौरान केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए उसे लोकतंत्र और संविधान के मूल्यों के लिए खतरा बताया। उन्होंने कहा कि देश में मौजूदा सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर आम जनता के अधिकार छीने जा रहे हैं। उनके अनुसार, लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश लगातार की जा रही है, जिसका खामियाजा देश के गरीब, किसान और मजदूर वर्ग को भुगतना पड़ रहा है। अलका लांबा ने मनरेगा को लेकर केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह योजना कांग्रेस पार्टी की देन है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत को रोजगार देना, पलायन रोकना और गांवों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सत्ता में आने के बाद से ही मनरेगा को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। अब केंद्र सरकार यह कह रही है कि वह मनरेगा के कुल खर्च का केवल 60 प्रतिशत ही वहन करेगी, जिससे राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा और योजना की प्रभावशीलता कम होगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने की कोशिश सिर्फ एक नाम बदलने का मामला नहीं है, बल्कि यह गांधी की विचारधारा को खत्म करने का प्रयास है। अलका लांबा ने आरोप लगाया कि आरएसएस की विचारधारा ने पहले महात्मा गांधी को खत्म किया और अब उनके नाम से जुड़ी योजनाओं को समाप्त करने की सोच रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गांधी की विचारधारा को किसी भी कीमत पर खत्म नहीं किया जा सकता। भाजपा द्वारा राहुल गांधी पर की जा रही टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए अलका लांबा ने कहा कि राहुल गांधी का डर पूरी भाजपा में साफ दिखाई देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी जब भी गरीबों, किसानों और वंचित वर्गों की आवाज उठाते हैं, तब भाजपा उन्हें निशाना बनाती है। आयकर विभाग और ईडी जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल कर उन्हें डराने की कोशिश की गई, लेकिन दस वर्षों में भी सरकार उनके खिलाफ कुछ साबित नहीं कर पाई। अदालतों ने भी कई मामलों में यह साफ किया है कि आरोपों में कोई दम नहीं है, जो केंद्र सरकार की बदले की राजनीति को उजागर करता है। अग्निपथ भर्ती योजना पर बोलते हुए अलका लांबा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस योजना का विरोध इसलिए कर रही है क्योंकि यह युवाओं और श्रमिकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पूंजीपतियों के हित में फैसले ले रही है और आम लोगों के अधिकारों की अनदेखी कर रही है। दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के मुद्दे पर भी अलका लांबा ने केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है, जहां भाजपा की डबल ही नहीं बल्कि ट्रिपल और चार इंजन की सरकार है, इसके बावजूद प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए कोई ठोस नीति या विजन नजर नहीं आता। दिल्ली की हवा जहरीली हो चुकी है, लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है और हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में लाल किले में हुए आतंकी हमले और वायु प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की मांग की थी, लेकिन केंद्र सरकार इन सवालों से बचती रही। इसका खामियाजा दिल्ली की लगभग तीन करोड़ जनता को भुगतना पड़ रहा है। लोग प्रदूषण से बचने के लिए पहाड़ी राज्यों की ओर रुख कर रहे हैं, लेकिन यह किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं है।

# हरिपुरधार में नकली पुलिस बनकर घूम रहे दो लोग काबू

समर न्यूज़ | सिरमौर

जिला सिरमौर के मंडल क्षेत्र के हरिपुरधार में हिमाचल प्रदेश पुलिस ने फर्जी पुलिस बनकर घूम रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर एक बड़े फर्जीवाड़े का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने लाल बत्ती लगी दो नकली पुलिस गाड़ियों को भी जब्त किया है। यह कार्रवाई सोमवार दोपहर बाद हरिपुरधार के मुख्य बाजार में की गई। बाजार क्षेत्र में दो गाड़ियां लाल बत्ती के साथ घूमती नजर आईं। इन गाड़ियों पर पुलिस की नेम प्लेट भी लगी हुई थी, जिससे पहली नजर में वे सरकारी पुलिस वाहन प्रतीत हो रही थीं। हालांकि, ड्यूटी पर तैनात हिमाचल प्रदेश पुलिस कर्मियों को इन गाड़ियों पर संदेह हुआ। शक के आधार पर पुलिस ने गाड़ियों को रोका और उनमें सवार लोगों से पूछताछ शुरू की।पुलिस जांच के दौरान यह सामने आया कि गाड़ियों में सवार लोग असली पुलिसकर्मी नहीं थे। हैरानी की बात यह रही कि आरोपियों में से एक व्यक्ति ने पूरी पुलिस वर्दी भी पहन रखी थी, जिससे आम लोगों को भ्रमित किया जा सके। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत अपने उच्च अधिकारियों को सूचित किया। इसके बाद एसएचओ रेणुका प्रियंका को मौके पर भेजा गया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर दोनों गाड़ियों को कब्जे में लिया और आरोपियों को संगड़ाह थाना ले जाया गया, जहां उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि हरिपुरधार में दो नकली पुलिस गाड़ियों को पकड़ा गया है और उनमें सवार दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों में से एक व्यक्ति के पास लाइसेंसी पिस्टल भी पाई गई है, लेकिन वह हथियार उसके निर्धारित कार्यक्षेत्र से बाहर मिला है, जो जांच का विषय है।

## भाजपा विधायक के आरोपों पर पूर्व कांग्रेस विधायक का पलटवार, अदालत जाने का ऐलान

# ऊना गोलीकांड के बाद सत्ती-रायजादा आमने-सामने

राकेश। ऊना
समर न्यूज़



पूर्व विधायक सतपाल रायज़ादा। - समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना में हुए गोलीकांड के बाद राजनीतिक माहौल लगातार गरमाता जा रहा है। इस मामले ने अब कानून-व्यवस्था से आगे बढ़कर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी जुबानी जंग का रूप ले लिया है। भाजपा विधायक सतपाल सत्ती और कांग्रेस के पूर्व विधायक सतपाल रायज़ादा आमने-सामने आ गए हैं। गोलीकांड के बाद भाजपा विधायक सतपाल सत्ती द्वारा पूर्व विधायक सतपाल रायज़ादा और उनके होटल को लेकर लगाए गए गंभीर आरोपों ने राजनीतिक विवाद को और हवा दे दी है। भाजपा विधायक सतपाल सत्ती ने मीडिया के सामने बयान देते हुए गोलीकांड को सतपाल रायज़ादा के होटल से जोड़ते हुए कई सवाल खड़े किए थे। इन आरोपों के बाद कांग्रेस के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने तत्काल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सतपाल सत्ती पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी। उन्होंने साफ कहा था कि यदि 15 दिनों के भीतर उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों का जवाब नहीं दिया गया, तो वह कानूनी रास्ता अपनाएंगे। मंगलवार को पूर्व विधायक सतपाल रायज़ादा ने एक बार फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पूरे मामले को लेकर बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि तय समय सीमा के भीतर भाजपा विधायक सतपाल सत्ती ने उन्हें लिखित जवाब भेजा है। हालांकि, इस जवाब में सतपाल सत्ती ने उनके होटल को लेकर लगाए गए सभी आरोपों से इनकार किया है। रायज़ादा ने कहा कि यह जवाब पूरी तरह से उनके सार्वजनिक बयानों के विपरीत है। सतपाल रायज़ादा ने कहा कि भाजपा विधायक ने मीडिया के सामने उनके होटल को लेकर गंभीर और संगीन आरोप लगाए थे, जिनकी रिकॉर्डिंग और अन्य सबूत उनके पास मौजूद हैं। उन्होंने दावा किया कि उनके पास ऐसे ठोस साक्ष्य हैं, जिनके आधार पर यह साबित किया जा सकता है कि सतपाल सत्ती ने सार्वजनिक मंच से उनके खिलाफ बयान दिए थे। रायज़ादा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब यह मामला अदालत तक ले जाया जाएगा और कोर्ट के सामने पूरी सच्चाई रखी जाएगी। पूर्व विधायक ने कहा कि वह किसी भी दबाव में नहीं आएंगे और न्याय के लिए अंतिम लड़ाई तक जाएंगे। भाजपा विधायक अब अपने ही बयानों से मुकर रहे हैं, जो यह साबित करता है कि उनके आरोप राजनीति से प्रेरित थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सतपाल रायज़ादा ने जिला प्रशासन के रवैये पर भी कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि ऊना गोलीकांड के बाद प्रशासन का व्यवहार आम जनता और व्यापारियों के प्रति कठोर हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा जारी किए गए सख्त आदेशों का सीधा असर व्यापारियों के कारोबार पर पड़ा है। रायज़ादा ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर उपायुक्त ऊना से बातचीत की थी और व्यापारियों के साथ बैठक करने की मांग की थी। बातचीत के बाद कुछ हद तक समाधान निकला है और जेल रोड के बाहर खड़े वाहनों के चालान अब नहीं किए जाएंगे। पुलिस का काम अपराधियों में डर पैदा करना है, न कि आम जनता को भयभीत करना। पूर्व विधायक ने पुलिस अधिकारियों को भी नसीहत देते हुए कहा कि उनका व्यवहार जनता के प्रति संवेदनशील और सहयोगात्मक होना चाहिए। उपायुक्त ऊना को सख्त शब्दों में चेतावनी दी कि भाजपा विधायक सतपाल सत्ती को प्रशासन द्वारा अलॉट की गई सरकारी दुकान के मामले में अब तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया है।

# डॉक्टर-मरीज मारपीट मामले में डॉक्टर को ड्यूटी से हटाया


संजू। शिमला
समर न्यूज़

शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में डॉक्टर द्वारा मरीज के साथ मारपीट का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विभाग ने तत्काल प्रभाव से आरोपी डॉक्टर को ड्यूटी से हटा दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच शुरू कर दी है। आरोपी डॉक्टर के खिलाफ सस्पेंशन या सेवा समाप्ति जैसी कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि मरीजों के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अस्पतालों में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के व्यवहार को लेकर जल्द ही सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

**जयराम वाणी** प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई, सरकार की लापरवाही जनता पर पड़ी भारी

# सेहत में बेहतरी के लिए गंभीरता से काम करे सरकार

समर न्यूज़ | शिमला



जयराम ठाकुर। - समर न्यूज़

शिमला से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार को स्वास्थ्य व्यवस्था की बेहतरी के लिए गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। सिर्फ जुबानी जमा खर्च से न प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था सुधरेगीऔर नहीं मरीजों का बेहतर इलाजहो पाएगा। प्रदेश की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुधारने की दिशा में सरकार को ईमानदारी से तुरंत काम करने की आवश्यकता है। आज हालात यह हैं कि पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और इसका सीधा खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेशवासियों को न तो केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित स्वास्थ्य योजनाओं का समुचित लाभ मिल पा रहा है और न ही राज्य सरकार अपनी योजनाओं का ढंग से क्रियान्वयन कर पा रही है। कागजों में योजनाएं जरूर चल रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि मरीज इलाज के लिए भटकने को मजबूर हैं। पूरा प्रदेश मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहा है। डॉक्टरों, नर्सों, तकनीकी कर्मियों और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों के पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार इन्हें भरने के बजाय केवल घोषणाओं और आंकड़ों का खेल खेल रही है। अस्पतालों में न पर्याप्त डॉक्टर हैं, न जरूरी उपकरण और न ही समय पर दवाइयां उपलब्ध हो पा रही हैं। आईजीएमसी शिमला में बीते दिनों हुई मारपीट की घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह घटना सरकार और स्वास्थ्य विभाग के लिए एक गंभीर चेतावनी है। अस्पतालों में अव्यवस्था, भीड़, सुरक्षा व्यवस्था की कमी, काम का अधिक दबाव और प्रशासनिक लापरवाही ऐसी घटनाओं को जन्म दे रही है। सरकार को इस घटना से सबक लेते हुए केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि ठोस कदम उठाने चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए तुरंत खाली पदों को भरना चाहिए, अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करनी चाहिए, दवाइयों और उपकरणों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए तथा केंद्र की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए ईमानदारी से काम करना चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेशवासियों को हिमकेयर, आयुष्मान भारत सहित केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ प्रभावी और निर्बाध रूप से मिलना चाहिए। ये योजनाएं गरीब, मध्यम वर्ग और जरूरतमंद परिवारों के लिए जीवन रक्षक हैं, लेकिन वर्तमान में इनके क्रियान्वयन में लापरवाही और अव्यवस्था के कारण आम जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है। छोटी-छोटी सुविधाओं के लिए मरीज को अस्पतालों में भटकना पड़ता है।

# हिमाचल के स्ट्रीट फूड को अंतरराष्ट्रीय पहचान की ओर पहल






समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश के पारंपरिक स्ट्रीट फूड को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कुमार कश्यप ने कहा कि स्ट्रीट फूड केवल भोजन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विविधता और "अनेकता में एकता" की जीवंत अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि भारत के हर क्षेत्र का खान–पान वहां की संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली को दर्शाता है, जो दुनिया में इसे विशिष्ट बनाता है। यह विचार उन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, समरहिल, शिमला में आयोजित स्ट्रीट फूड विक्रेता प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यशाला को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कार्यशाला का आयोजन भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, उत्तरी क्षेत्र कार्यालय, गाजियाबाद द्वारा किया गया, जबकि इसका संयोजन स्वास्थ्य सुरक्षा एवं विनियमन निदेशालय ने किया। सांसद कश्यप ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति के साथ-साथ यहां का स्ट्रीट फूड भी अपनी अलग पहचान रखता है। यह न केवल लोगों को स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराता है, बल्कि हजारों परिवारों की आजीविका का सशक्त माध्यम भी है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम स्ट्रीट वेंडर्स को स्वच्छता, गुणवत्ता, व्यक्तिगत साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाते हैं, जिससे उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ता है।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना, विश्वकर्मा योजना और स्वरोजगार आधारित कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं से छोटे व्यवसायियों को आत्मनिर्भर बनने में बड़ी मदद मिल रही है। डिजिटल भुगतान और तकनीक के उपयोग से स्ट्रीट वेंडर्स भी मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जुड़ रहे हैं।

कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। वेंडर्स ने भी प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें साफ-सफाई और भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने की बेहतर समझ मिली है।

# गृह मंत्री अमित शाह का पंचकूला दौरा आज, 2,750 पुलिसकर्मी व वरिष्ठ अधिकारी संभालेंगे सुरक्षा का जिम्मा

## 10 एसपी डीसीपी रैंक के अधिकारी, 4 अतिरिक्त एसपी, 41 डीएसपी/एसीपी, 90 इंस्पेक्टर संभालेंगे सुरक्षा की कमान

समर न्यूज़ | पंचकूला

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित आगमन को लेकर जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके चलते पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित जीओ मैस में एक हाई लेवल सुरक्षा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में डीसीपी/एसपी, एसीपी/डीएसपी सहित विभिन्न महत्वपूर्ण रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान गृह मंत्री के दौरे के कार्यक्रम स्थलों और वीवीआईपी मूवमेंट को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा



पुलिस अधिकारी बैठक करते हुए। - समर न्यूज़

के प्रत्येक पहलू पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक न हो और हर स्तर पर समन्वय बनाकर कार्य किया जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थलों, रूट प्लान, पार्किंग, ट्रैफिक प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन व्यवस्थाओं को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर बताया गया कि पंचकूला जिला पुलिस के साथ-साथ प्रदेश की विभिन्न पुलिस रेंज, आयुक्तालयों और जिलों से भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत कुल 10 एसपी/डीसीपी रैंक के अधिकारी, 4 अतिरिक्त एसपी, 41 डीएसपी/एसीपी, 90 इंस्पेक्टर तथा लगभग 2750 पुलिसकर्मी सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता को संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की ऑवरऑल इंचार्ज नियुक्त किया गया है, जो सभी सुरक्षा इंतजामों की निगरानी करेंगी।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

गृह मंत्री के दौरे के दौरान ताऊ देवी लाल स्टेडियम सेक्टर-3, इंद्रधनुष ऑडिटोरियम, शिवालिक कंट्री क्लब, मनसा देवी मंदिर, अटल पार्क मनसा देवी तथा पंचकमल भाजपा कार्यालय सहित कई महत्वपूर्ण स्थानों पर उनका आगमन प्रस्तावित है, जिसके चलते इन सभी स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर सभी कार्यक्रम स्थलों पर जाकर सुरक्षा तैयारियों का जायजा भी लिया। इस निरीक्षण के दौरान जिला उपायुक्त पंचकूला सतपाल शर्मा, डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता, डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन सहित अन्य पुलिस अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।


### पुलिस ने आरोपी के पास से भारी मात्रा में शराब की पेटियां की बरामद

# पुलिस ने अवैध शराब सप्लाई की कोशिश नाकाम की

सारांश मेहरा | मोहाली
समर न्यूज़

थाना मटौर पुलिस ने चंडीगढ़ से पंजाब में अवैध रूप से शराब सप्लाई करने की साजिश नाकाम करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई 22 दिसंबर 2025 की शाम लगभग 5:35 बजे गोल चौक, सब्जी मंडी के पास, गांव मटौर क्षेत्र में की गई। जानकारी के अनुसार, एएसआई केसर सिंह के नेतृत्व में एएसआई विक्रमजीत सिंह, एएसआई जतिंदर सिंह और सिपाही जगदीप सिंह अपनी टीम के साथ संदिग्ध वाहनों और असामाजिक तत्वों की तलाशी के लिए गश्त कर रहे थे।

इसी दौरान एक्साइज इंस्पेक्टर गुरिंदरपाल सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और संयुक्त रूप से एक्साइज संबंधी वाहनों की चेकिंग शुरू की गई। इसी दौरान पुलिस को



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। - समर न्यूज़

एक ख़ास मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि अजय कुमार पुत्र धर्मचंद, निवासी गांव लोधीपुर, थाना आनंदपुर साहिब, जिला रूपनगर, अपनी I-20 कार में चंडीगढ़ की शराब की भारी खेप लोड कर मोरहाल (मोहाली) क्षेत्र, विशेषकर गांव मटौर साइड में सप्लाई करने आ रहा है। सूचना के अनुसार, यदि समय पर नाकाबंदी की जाए तो आरोपी को भारी मात्रा में शराब के साथ पकड़ा जा सकता है।

पुलिस ने सूचना के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आवश्यक कदम उठाए। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी द्वारा चंडीगढ़ की शराब को भारी मात्रा में रखना और पंजाब में बेचना एक्साइज एक्ट 61/1/14 के तहत अपराध है। इसी आधार पर आरोपी के खिलाफ रुक्का तैयार कर थाना मटौर में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने कंट्रोल रूम को वायरलेस और टेलीफोन के माध्यम से सूचना दे दी है। साथ ही क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट और उच्च अधिकारियों को भी रिपोर्ट भेज दी गई है। पुलिस के अनुसार, मामले की आगे की जांच एएसआई जतिंदर सिंह द्वारा की जाएगी और रिकॉर्ड पूरा करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब माफिया के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# औद्योगिक संबंधों को मजबूत करेगी पीएचडीसीसीआई

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री पंजाब चेप्टर के चेयर कर्ण गिल्होत्रा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ में इज़राइल दूतावास के उप प्रमुख फोरेस साएब से मुलाकात करके औद्योगिक विकास, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी-आधारित सहयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-इज़राइल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की जा सके। प्रतिनिधिमंडल में पीएचडीसीसीआई के क्षेत्रीय फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य और कल्याण समिति के संयोजक सुप्रीत सिंह, चैंबर की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक भारती सूद और रेजिडेंट मैनेजर जतिन सहदेव भी शामिल थे।

करण गिल्होत्रा ने पंजाब और इज़राइल के बीच औद्योगिक सहयोग को गहरा करने और राजनयिक-व्यापार जुड़ाव को बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक रोडमैप की आवश्यकता पर जोर दिया और पंजाब के मजबूत औद्योगिक



इकोसिस्टम और उच्च-प्रभाव वाले सहयोग के लिए तत्परता पर प्रकाश डाला। फारेस साएब ने पीएचडीसीसीआई के सक्रिय दृष्टिकोण की सराहना करते हुए पंजाब के साथ सहयोग का विस्तार करने में इज़राइल दूतावास की गहरी रुचि व्यक्त की, विशेष रूप से जल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, कृषि-इनोवेशन और स्टार्टअप के क्षेत्र में। भारती सूद ने व्यापार, उद्योग संपर्क और संयुक्त पहलों को सुविधाजनक बनाने के लिए एक मजबूत संस्थागत ढांचे के महत्व पर जोर दिया, और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के लिए उत्प्रेरक के रूप में पीएचडीसीसीआई की भूमिका की पुष्टि की।

# स्वदेशी महोत्सव में खेल मंत्री गौरव गौतम और कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा पहुंचे

## लोगों को विदेशी उत्पादों के विकल्प के रूप में गुणवत्तापूर्ण भारतीय उत्पाद उपलब्ध कराना है स्वदेशी महोत्सव का उद्देश्यः श्याम सिंह

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

सेक्टर-5 स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित स्वदेशी महोत्सव 2025 में हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम और कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अतिथियों ने महोत्सव में लगी विभिन्न स्वदेशी स्टॉलों का निरीक्षण किया और हरियाणा की पुरातन संस्कृति, परंपराओं एवं स्वदेशी उत्पादों की सराहना की।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने महोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि स्वदेशी महोत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत और आत्मनिर्भर भारत की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि हजारों की संख्या में लोग इस मेले में पहुंच रहे हैं, जो स्वदेशी के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है।

ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई



मंत्री श्याम सिंह राणा बातचीत करते हुए। - समर न्यूज़

पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा किया गया यह प्रयास वास्तव में प्रशंसनीय है।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर खेल मंत्री ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं की भारत को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट होकर निंदा करनी चाहिए।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए स्वदेशी के आह्वान को धरातल पर उतारने का कार्य इस महोत्सव के माध्यम से स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी महोत्सव छोटे और मध्यम उद्यमियों को मंच प्रदान करता है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। ऐसे आयोजन नियमित रूप से होने चाहिए, ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचे।

महोत्सव के उद्देश्य पर विस्तार से जानकारी देते हुए उत्तर भारत समन्वयक एवं मेला आयोजक राजेश गोयल ने कहा कि स्वदेशी महोत्सव केवल एक मेला नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय आंदोलन है। यह आंदोलन भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मजबूत आधार तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाने से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। हर नागरिक को स्वदेशी उत्पादों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। वहीं मेला आयोजक रजनीश गर्ग ने कहा कि स्वदेशी आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यह सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि भारत के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी महोत्सव का उद्देश्य लोगों को विदेशी उत्पादों के विकल्प के रूप में गुणवत्तापूर्ण भारतीय उत्पाद उपलब्ध कराना है और समाज में स्वदेशी के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना है। महोत्सव में भाग ले रहे दुकानदारों ने भी स्वदेशी मेले को अत्यंत उपयोगी बताया।

घरेलू तेल और मसाले बनाने वाले उमेश मित्तल ने कहा कि स्वदेशी वस्तुएं ही हमारी असली पहचान हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के मेलों से छोटे उत्पादकों को सीधा लाभ मिलता है और उनके उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचते हैं। हस्तनिर्मित कपड़ों की स्टॉल लगाने वाली रीना वर्मा ने कहा कि स्वदेशी महोत्सव जैसे आयोजनों से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है। यहां लोगों का रुझान स्वदेशी उत्पादों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। आयुर्वेदिक उत्पादों के दुकानदार संजय अग्रवाल ने कहा कि स्वदेशी मेले नियमित रूप से आयोजित होने चाहिए। इससे न केवल छोटे व्यापारियों को पहचान मिलती है, बल्कि लोगों में भारतीय उत्पादों के प्रति विश्वास भी बढ़ता है।

# चोला अर्पित करने की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू

पंचकूला | समर न्यूज़

श्री माता मनसा देवी पूजास्थल बोर्ड की सीईओ निशा यादव ने बताया कि श्री माता मनसा देवी (मुख्य मन्दिर, पटियाला मन्दिर व सती मन्दिर), पंचकूला, श्री काली माता मन्दिर, कालका व श्री चण्डीमाता मन्दिर, चण्डीमन्दिर मंदिर में देवी को चोला अर्पित करने के लिये ऑनलाईन बुकिंग प्रक्रिया शुरू की जा रही है। निशा यादव ने बताया कि इस प्रक्रिया के माध्यम से माता को दिनांक 4.01.2026 से 17.02.2026 की अवधि के दौरान चोला अर्पित करने के लिये 2.01.2026 से ऑनलाइन बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आरम्भ होगी। सभी इच्छुक श्रद्धालु लाभ उठाने के लिए पूजास्थल बोर्ड की वैबसाईट www.mansadevi.org.in पर रजिस्ट्रेशन कर प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं।

# पुलिस ने 54 मामले दर्ज कर 148 आरोपी किए गिरफ्तार

## ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत पंचकूला पुलिस ने की कार्रवाई

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने तथा जुआ, नशा व अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक हरियाणा ओ.पी. सिंह द्वारा 1 दिसंबर से 22 दिसंबर तक ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत पंचकूला पुलिस की सभी क्राइम ब्रांच तथा थाना/चौकी टीमों ने डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता एवं डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में कुल 606 स्थानों पर छापेमारी की। इन कार्रवाइयों के दौरान 54 आपराधिक मामले दर्ज किए गए तथा विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 148 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिसमें पुलिस ने 52 हिंसक एवं फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें से 12



झुग्गियों में जांच करती हुई पुलिस टीम। - समर न्यूज़

ऐसे हिंसक आरोपियों के पासपोर्ट रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की गई है जिनके विरुद्ध गंभीर आपराधिक धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं। अभियान के दौरान पुलिस ने मादक पदार्थों और अवैध शराब के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की। इस दौरान 700 ग्राम चरस, 35 ग्राम हेरोइन, 2520 नशीली गोलियां, 324 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब तथा 884 बोतल अवैध देशी शराब बरामद की गई। इसके अलावा जुआ व अन्य मामलों में पुलिस ने 2,45,085 रुपये नकद भी जब्त किए। इस दौरान पुलिस ने डॉग स्कॉवाड की मदद से नशे के अड्डों पर लगातार छापेमारी की। पुलिस ने अभियान के दौरान अवैध हथियारों की बरामदगी भी की, जिसमें 4 देशी कट्टे, 1 देशी पिस्टल तथा 7 जिंदा कारतूस शामिल हैं। साथ ही आपराधिक वारदातों में प्रयोग व चोरी की 1 हौंडा सिटी कार, 1 टैक्सी कार, 9 मोटरसाइकिल, 1 टैंकर, 1 ऑटो रिक्शा, 4 स्कूटी, 21 गैस सिलेंडर, सोने व चांदी के आभूषण, 11 मोबाइल फोन तथा 1 चाकू भी बरामद किया गया।

अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ-साथ पंचकूला पुलिस ने मानवता की मिसाल भी पेश की। कड़ाके की सर्दी को देखते हुए पुलिस द्वारा 2000 से अधिक जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े एवं अन्य आवश्यक सहायता प्रदान की गई, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो। इस संबंध में पंचकूला पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज ने बताया कि जुआ, नशा एवं अन्य अवैध गतिविधियों के अड्डों को चिन्हित कर प्रभावी कार्रवाई की गई है और भविष्य में भी ऐसे ठिकानों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पंचकूला पुलिस न केवल अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है, बल्कि समाज के जरूरतमंद वर्ग का सहारा बनकर भी आगे बढ़ रही है।

# क्रिसमस पर सैंटा परेड का होगा आयोजन

मोहाली | समर न्यूज़

क्रिसमस के उल्लासपूर्ण अवसर पर मोहाली फेस 8 स्थित एचएलपी गलेरिया मॉल में एक भव्य सैंटा परेड का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष आयोजन में बच्चों और महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोग सैंटा परेड का हिस्सा बनेंगे, जिससे मॉल परिसर पूरी तरह से क्रिसमस के रंग में रंग जाएगा।

आयोजकों के अनुसार परेड में सैंटा के साथ-साथ क्रिसमस से जुड़े कई आकर्षक कैरेक्टर शामिल होंगे। रंग-बिरंगी वेशभूषा, क्रिसमस कैरोल्स और उत्सवपूर्ण संगीत के बीच सैंटा परेड मॉल के विभिन्न हिस्सों से होकर गुजरेगी, जो बच्चों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहेगी।

इस मौके पर बच्चों के लिए मनोरंजन गतिविधियां, फोटो सेशन और सरप्राइज गिफ्ट्स भी रखे गए हैं, ताकि वे क्रिसमस की खुशियों को यादगार बना सकें।

# राज्यस्तरीय सुशासन दिवस के आयोजन को लेकर हुई बैठक

## 25 दिसंबर को मनाया जाएगा राज्यस्तरीय सुशासन दिवस

पंचकूला | मुकुल शर्मा
समर न्यूज़

नगराधीश जागृति की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय सुशासन दिवस 2025 के सफल आयोजन को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में आज संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक हुई। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राज्यस्तरीय सुशासन दिवस 2025 का भव्य आयोजन 25 दिसंबर 2025 को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, सेक्टर-1 में किया जाना है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों से कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए गंभीरता से अपना दायित्व पूरा करने की अपील की। उन्होंने नगर निगम को कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई सुनिश्चित करने, पब्लिक हेल्थ को पीने के पानी की व्यवस्था, उत्तर हरियाणा बिजली निगम शहरी को



उपायुक्त कार्यालय में बैठक करते हुए अधिकारी। - समर न्यूज़

कार्यक्रम के दौरान बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से करने, सिविल सर्जन पंचकूला को कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस व फस्ट एड, दमकल विभाग को मौके पर फायर ब्रिगेड की गाडियां तैनात, पुलिस उपायुक्त को पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात करने व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम कालका संयम गर्ग, जिला राजस्व अधिकारी डॉ कुलदीप सिंह, उप आयुक्त नगर निगम विनोद कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी संध्या मलिक, पब्लिक रिलेशन के संयुक्त निदेशक,नीरज टुटेजा, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, कार्यकारी अभियंता पब्लिक हेल्थ समीर शर्मा, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग, जिला विकास एवं पंचायत विभाग, जिला सूचना एवं प्रौद्योगिकी, उत्तर हरियाणा बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# गांव मोहाली की धर्मशाला की पहली मंजिल का हुआ शिलान्यास

समर न्यूज़ | मोहाली

मेयर अमरजीत सिंह जीती सिद्धू गांव मोहाली स्थित धर्मशाला की पहली मंजिल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मेयर ने कहा कि यह धर्मशाला न केवल गांव के लोगों बल्कि पूरे मोहाली शहर के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा साबित होगी। मेयर जीती सिद्धू ने बताया कि धर्मशाला की पहली मंजिल के निर्माण के लिए करीब 40 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। इस परियोजना का नक्शा संबंधित प्राधिकरण द्वारा पूरी तरह मंजूर किया जा चुका है और निर्माण कार्य विशेषज्ञों की सलाह से योजनाबद्ध तरीके से किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे मोहाली शहर से सटे गांवों में इस प्रकार की सुविधाओं की बेहद जरूरत है।

विशेष रूप से वे परिवार, जो महंगे मैरिज पैलेसों में सामाजिक या पारिवारिक कार्यक्रम आयोजित करने में सक्षम नहीं होते, उनके लिए यह धर्मशाला एक बड़ा सहारा बनेगी। मेयर ने इस परियोजना को साकार करने के लिए काउंसलर रविंदर सिंह, काउंसलर हरविंदर कौर और उनके परिवार द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्य लगातार की गई कोशिशों और लोगों की वास्तविक जरूरतों को समझते हुए संभव हो पाया है।

मेयर ने भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जाएगा और इसे तय समयसीमा के भीतर पूरा किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

# पार्टी की रीढ़ हैं अकाली कार्यकर्ताः एनके शर्मा

समर न्यूज़ | डेराबस्सी

शिरोमणि अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एन के शर्मा ने कहा कि अकाली दल ने हमेशा अपने कार्यकर्ताओं को मान सम्मान दिया है। अकाली दल के कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ के समान हैं। अकाली दल के कार्यकर्ता संघर्ष का प्रतीक हैं।

एनके शर्मा जवाहरपुर जोन से पार्टी प्रत्याशी सुखविंदर कौर के आवास पर कार्यकर्ताओं से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने कहा कि डेराबस्सी हलके की जनता अकाली दल को पूरी तरह से स्वीकार कर चुकी है। जिला परिषद व ब्लाक समिति चुनाव में अकाली दल की बढ़त से बौखलाई पंजाब सरकार ने अफसरशाही के बल पर यह चुनाव लड़ा है। इसके बावजूद अकाली दल के कार्यकर्ताओं ने बड़ी मेहनत और हिम्मत के साथ मौजूदा सरकार के जब्र व जुल्म का मुकाबला किया है।

**सेलिब्रेशन** सेक्टर 18 सीएनआई चर्च से शहर के अलग-अलग सेक्टरों में निकाली गई शोभा यात्रा

# क्रिसमस के अवसर पर नगर शोभा यात्रा का हुआ भव्य आयोजन

सारांश मेहरा | चंडीगढ़
समर न्यूज़

क्रिसमस के मौके पर शहर में ट्राइसिटी चर्चिस एसोसिएशन की ओर से रोमन कैथोलिक चर्च, चंडीगढ़ और शिमला के बिशप सहाया टी थॉमस तथा फादर प्रेमनंद एसोसिएशन के प्रेसिडेंट लॉरेंस मलिक की अध्यक्षता में क्रिसमस पर शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जो कि सेक्टर 18 स्थित सीएनआई चर्च से शहर के विभिन्न स्थानों सेक्टर 19/27, सेक्टर 20/30 की लाइट प्वाइंट से सैक्टर 20 और सेक्टर 21 की मार्किट, अरोमा लाइट प्वाइंट से सेक्टर 22/23 लाइट प्वाइंट, सेक्टर 24 की मार्किट से गुजरते हुए सेक्टर 25 स्थित रैली ग्राउंड में पहुंची। विभिन्न सेक्टरों के निवासियों द्वारा शोभा यात्रा गर्मजोशी और सौहार्दपूर्ण स्वागत किया गया।



राज्यपाल छात्रों को डिग्रियां देते हुए। - समर न्यूज़

इस दौरान आकर्षित झांकि यां भी देखने को मिली।

चंडीगढ़ मोहाली और पंचकूला के सभी चर्चो ने यीशु मसीह के जन्म और पुनर्मूल्यांकन के चित्र प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा शांति का पवित्र सन्देश फैलाने वाले कैरोल गाए गए। इस दौरान उन्होंने लोगों को टॉफियां भी बांटी। ट्राइसिटी चर्चिस एसोसिएशन के प्रेसिडेंट लॉरेंस मलिक ने सभी को क्रिसमस की बधाई देते हुए कहा कि शोभा यात्रा का आयोजन प्रेम व शांति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि हमें सभी से प्रेम करना चाहिए और उनका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने इस मौके पर यीशु मसीह के बलिदान और शिक्षाओं के बारें में बात करते हुए कहा कि हमें उनके दिये हुए वचनों पर चलना चाहिए ताकि हम एक सुखी जीवन व्यतीत कर सकें।

अपने संबोधन में बिशप सहाया टी थॉमस ने कहा की यीशु मसीह ने समाज को प्यार और इंसानियत की शिक्षा दी।


यीशु मसीह के जन्म का हवाला देते हुए, उन्होंने उल्लेख किया कि यीशु ने जीवन नम्रता के साथ शुरू किया था और फिर जनता की पीड़ाएं और परेशानियों को देखते हुए संसार की चीजों का त्याग करके पवित्र मिशन को उठाया, जिसके परिणामस्वरूप विश्व में बदलाव आया।

इस अवसर बिशप सहाया टी थॉमस के साथ फादर प्रेमानंद, बिशप ब्रायन एंडरसन, पास्टर एलिशा मसीह, हिलरी विक्टर, ब्रो युनुस पीटर, पास्टर अजय दास , डॉ इमैनुएल नाहर पास्टर जगदीश सिंह, रेव्रंड तनुज पाल मसीह, पास्टर राजेश बालू और बिशप रणदीप मैथ्यू उपस्थित थे।

शोभायात्रा के स्वागत हेतु शहर की विभिन्न मार्किट और रेसिडेंशियल एसोसिएशन की ओर से जलपान की व्यवस्था की गई थी। सेक्टर 24 में विख्यात समाजसेवी रविन्द्र सिंह बिल्ला की ओर से भी शोभायात्रा के स्वागत हेतु चाय-ब्रेड पकौड़े का लंगर लगाया था।

जिसे श्रद्धालुओं ने बड़े ही चाव से ग्रहण किया। समाजसेवी रविन्द्र सिंह बिल्ला ने इस मौके शोभायात्रा का नेतृत्व कर रहे बिशप्स और फादर्स का शाल डालकर सम्मान भी किया। सभा को सामुदायिक भोजन परोसा गया और इसके बाद समारोह की समाप्ति सामुदायिक प्रार्थना के साथ हुई।

# 2026 से पहले घर में करें छोटा सा बदलाव, खुशहाली और पॉजिटिव एनर्जी से भर जाएगा पूरा माहौल



**लुधियाना।** नया साल केवल कैलेंडर की तारीख बदलने का नाम नहीं होता, बल्कि यह मन और जीवन को नई दिशा देने का मौका भी होता है। हर कोई चाहता है कि आने वाला साल सुख, शांति और संतुलन से भरा रहे। ऐसे में घर का माहौल सबसे अहम भूमिका निभाता है, क्योंकि यहीं से हमारी सोच, ऊर्जा और दिनचर्या प्रभावित होती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में किए गए छोटे-छोटे बदलाव भी पूरे साल के अनुभव को बेहतर बना सकते हैं। नए साल से पहले अगर कुछ बातों का ध्यान रख लिया जाए तो घर का वातावरण हल्का, सकारात्मक और सुकून भरा बन सकता है।

मेन एंट्रेंस से शुरू होती है ऊर्जा की यात्रा

वास्तु के अनुसार घर का मुख्य द्वार ऊर्जा के प्रवेश का सबसे अहम स्थान होता है। यही वह जगह है जहां से सकारात्मकता या नकारात्मकता भीतर आती है। नए साल से पहले यह जरूरी है कि मेन एंट्रेंस पूरी तरह साफ-सुथरा और खुला हुआ हो। दरवाजे के आसपास बेकार या टूटा हुआ सामान जमा न रहने दें। शाम के समय हल्की रोशनी की व्यवस्था करने से प्रवेश द्वार अधिक जीवंत और स्वागत योग्य महसूस होता है, जिससे घर का माहौल स्वतः ही बेहतर होने लगता है।

**पुराने और बेकार सामान से बनाएं दूरी** : घर में लंबे समय से पड़ा टूटा फर्नीचर, खराब इलेक्ट्रॉनिक चीजें या काम में न आने वाला सामान अक्सर अनजाने में बोझ बन जाता है। वास्तु के अनुसार ऐसे सामान से घर की ऊर्जा प्रभावित होती है। नए साल से पहले घर को हल्का करना बेहद जरूरी माना जाता है। जो चीजें उपयोग में नहीं हैं, उन्हें हटाने या दान करने से न सिर्फ जगह बनती है बल्कि मानसिक रूप से भी ताजगी महसूस होती है।

**किचन में व्यवस्था से आती है संतुलन की भावना**

किचन को घर की सेहत और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। यहां साफ-सफाई और सही व्यवस्था का विशेष महत्व होता है। बिखरे हुए बर्तन, गंदगी या अव्यवस्थित जगह तनाव बढ़ा सकती है। नए साल से पहले किचन को सुव्यवस्थित करने से घर के माहौल में सहजता और तालमेल महसूस होता है, जो पूरे परिवार की दिनचर्या को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।

**बेडरूम में सुकून का माहौल बनाएं** : बेडरूम वह जगह है जहां शरीर और मन को सबसे ज्यादा आराम मिलता है। नए साल की शुरुआत अगर अच्छी नींद और शांत माहौल से हो तो उसका असर लंबे समय तक रहता है। बेड के आसपास फालतू सामान जमा न होने दें और कमरे में अनावश्यक चीजों से बचें। साफ और व्यवस्थित बेडरूम रिश्तों में भी सहजता और मानसिक शांति बनाए रखने में मदद करता है।

**उत्तर और पूर्व दिशा की स्वच्छता है जरूरी**

वास्तु शास्त्र में उत्तर और पूर्व दिशा को सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत माना जाता है। नए साल से पहले इन दिशाओं में विशेष ध्यान देना फायदेमंद होता है। यहां भारी सामान, गंदगी या अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। साफ-सुथरी और हल्की व्यवस्था इन दिशाओं से आने वाली ऊर्जा को और प्रभावी बनाती है, जिससे घर का माहौल तरोताजा रहता है।

**पानी से जुड़ी व्यवस्थाओं पर दें ध्यान** : घर में पानी से संबंधित किसी भी तरह की समस्या लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं करनी चाहिए। टपकते नल या जमा हुआ पानी वास्तु के अनुसार असंतुलन पैदा कर सकता है। नए साल से पहले पानी की सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लेना घर में स्थिरता और संतुलन बनाए रखने में मदद करता है।

पूजा स्थान में बनाए रखें शांति

घर का पूजा स्थान मानसिक शांति और आंतरिक संतुलन का केंद्र होता है। नए साल से पहले यहां विशेष साफ-सफाई करना और अनावश्यक चीजें हटाना लाभकारी माना जाता है। साफ और व्यवस्थित पूजा स्थान मन को स्थिर करता है और घर के वातावरण में सकारात्मक भाव बनाए रखता है।

रोशनी और हवा का प्रवाह जरूरी


घर में पर्याप्त रोशनी और हवा का आना बहुत जरूरी है। नए साल से पहले खिड़कियों की सफाई करें और बंद पड़े कोनों में उजाले की व्यवस्था करें। खुला, रोशन और हवादार घर अपने आप में सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव कराता है और मन को हल्का बनाए रखता है।

**हरियाली से जुड़ाव बढ़ाएं**

घर में ताजगी बनाए रखने के लिए हरियाली का होना बेहद जरूरी माना जाता है। सूखे या खराब हो चुके पौधों को हटाकर हरे-भरे पौधों को जगह देना घर के वातावरण को जीवंत बनाता है। इससे न सिर्फ आसपास का माहौल बेहतर होता है बल्कि मानसिक रूप से भी सुकून मिलता है।

**छोटे बदलाव, बड़ा असर**

वास्तु की सबसे बड़ी खासियत यही है कि इसमें बड़े और जटिल बदलावों की जरूरत नहीं होती। थोड़ी सी समझदारी, साफ-सफाई और सही व्यवस्था से भी घर का माहौल पूरी तरह बदला जा सकता है। नए साल से पहले किए गए ये छोटे बदलाव पूरे साल सकारात्मकता, संतुलन और शांति का अनुभव करा सकते हैं।



# मत्स्यासनः मेटाबॉलिज्म बढ़ाए और पेट की चर्बी को मिटाए

**मोहाली।** आज की व्यस्त दिनचर्या के चलते हर व्यक्ति फिट रहना चाहता है, लेकिन ऑफिस में लंबे समय तक बैठे रहना, अनियमित खानपान, तनाव और थकान के कारण मोटापा एक बड़ी समस्या बन गया है। समय न होने के कारण लोग जिम या एक्सरसाइज नहीं कर पाते हैं। ऐसे में 'मत्स्यासन' एक ऐसा योगासन है, जो मोटापे को घटाने में मददगार साबित हो सकता है। इसके नियमित अभ्यास से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, पाचन तंत्र मजबूत होता है, और कब्ज जैसी समस्याएं दूर होती हैं। 'मत्स्यासन' संस्कृत शब्दों से मिलकर बना है। 'मत्स्य' यानी मछली और 'आसन' का मतलब बैठने की मुद्रा। दरअसल, यह आसन करने के दौरान शरीर की मुद्रा मछली की तरह होती है, जिसमें छाती को ऊपर की ओर उठाया जाता है और सिर को पीछे की तरफ झुकाया जाता है।

आयुष मंत्रालय के अनुसार, मत्स्यासन पेट की मांसपेशियों पर सीधा असर डालता है, जिससे वहां जमा फैट, कब्ज और पाचन तंत्र में सुधार होता है। इसी के साथ ही रीढ़ लचीली होती है, और तनाव कम करने में भी मदद मिलती है।

इस आसन को सही तरीके से करने पर पेट की नसों और मांसपेशियों में खिंचाव पड़ता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और फैट धीरे-धीरे कम होने लगता है।

इसे करने की विधि बेहद सरल है। योगा मैट पर पीठ के बल लेट जाएं, फिर पैर सीधे मिलाकर रखें। अब अपने हाथों को कूल्हों के नीचे रखें, और हथेलियां नीचे की ओर ले जाएं।

कोहनियों से सहारा लेकर सांस भरते हुए छाती और सिर को ऊपर उठाएं। सिर के पिछले हिस्से को जमीन पर टिकाएं, लेकिन वजन कोहनियों पर रखें (गर्दन पर दबाव न डालें)। अपनी क्षमता अनुसार कुछ सेकंड तक इसी मुद्रा में रहें, गहरी सांस लें। सामान्य स्थिति में लौटें। शुरुआत में 3-5 बार दोहराएं।

हालांकि, शुरुआत में इसे करने में दिक्कत हो सकती है, लेकिन जब करने लगेंगे तो आसान हो जाएगा। माइग्रेन या गर्दन/पीठ की गंभीर चोट वाले लोगों को इससे बचना चाहिए या फिर किसी विशेषज्ञ की सलाह पर ही करें।

# गद्दे के नीचे पेपर-पन्नी रखना क्यों माना जाता है अशुभ

**चंडीगढ़।** वास्तु शास्त्र में घर की हर वस्तु और उसके स्थान को ऊर्जा से जोड़ा गया है। विशेष रूप से बेडरूम को मानसिक शांति, स्वास्थ्य और पारिवारिक संतुलन का केंद्र माना जाता है, क्योंकि व्यक्ति अपने जीवन का बड़ा हिस्सा यहीं विश्राम करते हुए बिताता है। कई घरों में जगह की कमी या आदत के कारण लोग गद्दे के नीचे पुराने अखबार, जरूरी कागजात, प्लास्टिक की पन्नी या बैग रख देते हैं। देखने में यह मामूली बात लग सकती है, लेकिन वास्तु शास्त्र के अनुसार यह आदत धीरे-धीरे घर में नकारात्मक प्रभाव पैदा कर सकती है।

नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव और नींद में कमी

गद्दे के नीचे रखे पुराने कागजों को वास्तु में रुकी हुई और बोझिल ऊर्जा का प्रतीक माना गया है। अखबारों और पुराने दस्तावेजों में छपी घटनाएं अधिकतर तनाव, दुर्घटना या विवाद से जुड़ी होती हैं, जिनकी ऊर्जा लंबे समय तक बनी रहती है। जब व्यक्ति ऐसे स्थान पर सोता है, तो यह ऊर्जा उसके मन और शरीर को प्रभावित कर सकती है। इसका असर नींद की गुणवत्ता पर पड़ता है और बार-बार नींद टूटना, बेचैनी या सुबह उठने पर थकान महसूस होना आम हो सकता है। लंबे समय तक ऐसा रहने से मानसिक तनाव भी बढ़ सकता है।

**आर्थिक स्थिति पर पड़ने वाला असर**

वास्तु शास्त्र में गद्दे और सोने की जगह को स्थिरता और समृद्धि से जोड़ा जाता है। गद्दे के नीचे अव्यवस्थित कागज या पन्नी रखने से धन से संबंधित ऊर्जा बाधित मानी जाती है। इसका प्रभाव यह हो सकता है कि व्यक्ति की आमदनी और खर्चों में संतुलन बिगड़ने लगे। कई बार बिना कारण आर्थिक दबाव महसूस होना या मेहनत के बावजूद अपेक्षित परिणाम न मिलना भी इसी तरह की वास्तु असंतुलन से जोड़ा जाता है।

**स्वास्थ्य और पारिवारिक रिश्तों पर प्रभाव**

गद्दे के नीचे रखी पन्नी या कागज समय के साथ धूल और नमी को आकर्षित करते हैं, जिससे वातावरण अशुद्ध हो सकता है। वास्तु के अनुसार ऐसी अशुद्ध ऊर्जा शरीर के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इसके साथ ही यह स्थिति पारिवारिक जीवन में भी तनाव बढ़ा सकती है।

दांपत्य संबंधों में छोटी-छोटी बातों पर मतभेद, चिड़चिड़ापन या भावनात्मक दूरी महसूस हो सकती है। बच्चों के मामले में यह आदत उनकी एकाग्रता और मन की स्थिरता को प्रभावित कर सकती है।

**छोटी लापरवाही से बड़ा वास्तु दोष**

वास्तु शास्त्र मानता है कि सोने की जगह जितनी साफ, हल्की और व्यवस्थित होगी, उतनी ही सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। गद्दे के नीचे पुराने पेपर या पन्नी रखना भले ही एक छोटी आदत लगे, लेकिन इसका प्रभाव धीरे-धीरे जीवन के कई क्षेत्रों में दिखाई देने लगता है। इसलिए इस स्थान को खुला और साफ रखना मानसिक शांति और संतुलन के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।



# दिल्ली हाईकोर्ट ने 'पर्सनैलिटी राइट्स केस' में सुनील गावस्कर से जुड़े कंटेंट हटाने का आदेश दिया



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर की पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स की रक्षा के लिए एक अंतरिम रोक लगाई और सोशल मीडिया माध्यमों और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को उनकी अनुमति के बिना उनके नाम और तस्वीर के इस्तेमाल वाले कंटेंट को हटाने का निर्देश दिया। जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की सिंगल-जज बेंच ने मेटा और एक्स कॉर्प समेत प्लेटफॉर्म्स को यह आदेश दिया कि गावस्कर के बारे में गलत बयान वाले यूआरएल 72 घंटे के अंदर हटा दिए जाएं। दिल्ली हाईकोर्ट ने साफ किया कि अगर उपभोक्ता तय समय के अंदर उल्लंघन करने वाले कंटेंट को हटाने में असफल रहते हैं, तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को ऐसे कंटेंट तक एक्सेस को बंद करना होगा। जस्टिस अरोड़ा ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को गावस्कर के नाम पर बिना अनुमति के बेचे जा रहे उत्पादों की सूची हटाने का भी निर्देश दिया, और कहा कि अगर विक्रेता 72 घंटे के अंदर उल्लंघन करने वाले उत्पाद हटाने में फेल हो जाते हैं, तो प्लेटफॉर्म्स उन्हें डीलिस्ट कर देंगे।

यह अंतरिम राहत गावस्कर को उस केस में मिली जिसमें उन्होंने सोशल मीडिया और ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर बिना उनकी इजाजत के उनसे जुड़ी चीजों के खिलाफ इस्तेमाल के खिलाफ अपनी पर्सनैलिटी के अधिकारों की सुरक्षा की मांग की थी। पूर्व क्रिकेटर ने आरोप लगाया कि कई सोशल मीडिया पेज उनके नाम से मनगढ़ंत बातें बता रहे थे, जबकि कई ऑनलाइन विक्रेता उनसे गलत तरीके से जुड़े नकली ऑटोग्राफ वाले आइटम और दूसरा सामान बेच रहे थे।

पहले की सुनवाई में, जस्टिस अरोड़ा ने गावस्कर से गूगल, मेटा और एक्स को गलत यूआरएल देने को कहा था, साथ ही इंटरमीडियरी को एक हफ्ते के अंदर सूचना तकनीक नियम, 2021 के तहत उनके अनुरोध पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।

गावस्कर का मामला उन हाई-प्रोफाइल पर्सनैलिटी की बढ़ती सूची में शामिल हो गया है जो दिल्ली हाई कोर्ट के सामने अपनी पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी के अधिकारों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# राजस्थान के पहलवानों के प्रेरणा स्रोत बने राजीव दत्ता

शगुन | अजमेर
समर न्यूज़




कुश्ती के क्षेत्र में राजस्थान के युवक-युवतियां आज राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। इन खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बने हैं राष्ट्रीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य राजीव दत्ता। कोटा भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. बद्री गोचर ने कहा कि राजीव दत्ता का राष्ट्रीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष बनना राजस्थान के लिए गौरव की बात है। उनका उद्देश्य शुरू से ही रहा है कि गरीब, किसान और वंचित वर्ग के बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती में अपनी पहचान बनाएं। डॉ. गोचर ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा और मंच की आवश्यकता होती है। पहले खिलाड़ियों के पास पर्याप्त प्लेटफॉर्म नहीं था, लेकिन आज गांव, शहर और जिला स्तर पर कुश्ती को बढ़ावा मिला है। इससे पहलवानों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और वे दुगुनी ताकत व आत्मविश्वास के साथ मुकाबले कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि आज राजस्थान के युवक-युवतियां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। राष्ट्रीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता खिलाड़ियों की हर संभव सहायता करते हैं, जिसमें वित्तीय सहयोग भी शामिल है।डॉ. बद्री गोचर ने कहा कि यदि हर क्षेत्र में सही मार्गदर्शक और मोटिवेटर मिल जाए, तो उत्कृष्ट प्रतिभाएं सामने आती हैं। आज राजस्थान में महिलाएं भी खेल के क्षेत्र में पुरुषों के समान ही शानदार प्रदर्शन कर रही हैं और बराबरी से पदक जीत रही हैं। राजीव दत्ता कुश्ती को आगे ले जाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनका स्पष्ट विजन है कि किसान, गरीब और दलित वर्ग के बच्चे कुश्ती के क्षेत्र में आगे बढ़ें। साथ ही महिलाओं को भी इस खेल में आगे लाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

# आईसीसी रैंकिंग : दीप्ति शर्मा बनी नंबर वन टी20 गेंदबाज

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा टी20 फॉर्मेट की नई नंबर वन गेंदबाज बन गई हैं। दीप्ति शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पछाड़ते हुए नंबर वन का ताज हासिल किया है। शीर्ष दस में दीप्ति एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड, तीसरे स्थान पर पाकिस्तान की सादिया इकबाल हैं। दोनों को 1-1 स्थान का नुकसान हुआ है। चौथे स्थान पर इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टन और पांचवें स्थान पर लॉरेन बेल हैं। छठे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका की एन मल्बा, सातवें स्थान पर ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वॉरहेम, आठवें पर इंग्लैंड की चॉर्ली डेन, नौवें स्थान पर वेस्टइंडीज की एफी फ्लेचर और दसवें स्थान पर पाकिस्तान की नशरा संधु हैं। महिलाओं की नई वनडे रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट एक बार फिर से स्मृति मंधाना को पछाड़ते हुए नंबर वन स्थान पर काबिज हो गई हैं।

### मकान खाली करवाने को लेकर मकान मालिक और किरायेदार भिड़े, जमकर चले लाठी डंडे

# सड़क पर उतरी भीड़, पुरुष-महिलाएं व बच्चे तक आपस में भिड़े; सीसीटीवी में कैप्चर पूरी वारदात

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज

हैबोवाल क्षेत्र के न्यू दीप नगर में मकान मालिक और किराएदार के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद सोमवार को हिंसक झड़प में बदल गया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते सड़क पर सामूहिक मारपीट में तब्दील हो गया। करीब आठ मिनट तक दोनों पक्षों के लोग गली में एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और हथियारों से हमला करते रहे। घटना की पूरी वारदात इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। जहा दिखाई दे रहा है कि किस तरह एक स्कूटर पर सवार होकर दो युवक गली में आते हैं। पीछे बैठा युवक उतरते समय अपनी पीठ के पीछे लोहे की रॉड छिपाए नजर आता है। कुछ ही देर में सामने एक मकान का गेट खुलता है और एक युवती बाहर आती है। इसके बाद स्कूटर चला रहा युवक भी नीचे उतरकर युवती से बहस करने लगता है। उस समय गली से गुजर रहे कुछ अन्य लोग और महिलाएं भी मौके पर मौजूद थे।

बहस बढ़ने पर युवती और वहां मौजूद लोगों ने युवक पर हमला कर दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में दोनों पक्षों के लोग गली में जमा हो गए और युवक को चारों ओर से घेरकर पीटने लगे। युवक जमीन पर गिर पड़ा। उसे बचाने आई एक महिला के साथ भी मारपीट की गई। इसके बाद पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं और बच्चे भी झगड़े में कूद पड़े और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट शुरू हो गई।

लड़ाई के दौरान महिलाएं एक-दूसरे के बाल खींचती और जमीन पर घसीटती नजर आईं। कई महिलाओं के हाथों में डंडे थे, जिनसे उन्होंने एक-दूसरे पर वार किए। हालात इतने बिगड़ गए कि मौके पर मौजूद किसी भी व्यक्ति ने झगड़ा शांत कराने का प्रयास नहीं किया। दोनों पक्षों की ओर से खुलेआम हथियारों का इस्तेमाल किया गया। झगड़ा शुरू



होने के करीब साढ़े तीन मिनट बाद एक पक्ष के लोग वहां से तितर-बितर हो गए, जिसके बाद लड़ाई कुछ देर के लिए थम गई। हालांकि दूसरा पक्ष गली में इधर-उधर घूमकर उन्हें तलाशता और ललकारता रहा। इस दौरान कई लोगों को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार यह विवाद मकान खाली कराने को लेकर चल रहा था। न्यू दीप नगर निवासी मुरारी लाल के पिता ने अपना मकान किराए पर दे रखा था। पिता की मृत्यु के बाद मुरारी लाल ने किराएदारों से मकान खाली करने को कहा, जबकि इसी संपत्ति को लेकर उसका अपने भाई के साथ भी विवाद चल रहा है। वही किराएदारों का आरोप है कि मकान खाली न करने पर मकान मालिक ने उनका बिजली और पानी का कनेक्शन कटवा दिया, जिससे दोनों पक्षों में तनाव बढ़ गया। बताया जा रहा है कि यह विवाद पिछले पांच से छह दिनों से चल रहा था और दोनों पक्ष अलग-अलग अधिकारियों को शिकायतें दे चुके थे।किराएदार अंजू ने पुलिस कमिश्नर को दी शिकायत में आरोप लगाया कि मकान मालिक ने बिना पूर्व सूचना के कोर्ट का नोटिस भेज दिया और दो महीने से उनके कमरे का बिजली-पानी बंद है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि झगड़े के दौरान उनकी बेटी और एक अन्य महिला के साथ मारपीट की गई।

वहीं मकान मालिक मुरारी लाल का कहना है कि किराएदार मकान खाली नहीं कर रहे हैं और उन्होंने मिलकर उसके बेटे पर हमला किया है। उनके अनुसार इस हमले में उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हुआ, जबकि घर की महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस को दी है।

थाना हैबोवाल की पुलिस ने घटनास्थल पर पुहंच सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है,दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। जहा जांच के बाद बनती करवाई की जाएगी।

# होटल में खाना खाने जा रहे युवक पर चाकुओं से हमला कर फोन लूटा

### बाइक सवार नकाबपोश दो युवकों ने पीछे से घेरकर दिया वारदात को अंजाम

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज

चंडीगढ़ रोड स्थित नीची मंगली इलाके में सोमवार देर रात बाइक सवार दो नकाबपोश लुटेरों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर उसका मोबाइल फोन लूट लिया। घायल युवक को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके कंधे और पांव पर करीब 20 टांके लगाए गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह वारदात रात करीब 10 बजे नीची मंगली गली नंबर-2 में हुई। पीड़ित 20 वर्षीय रोहित, जो लकड़ी का काम करता है, अपने कमरे से कुछ दूरी पर स्थित होटल में खाना खाने



पैदल जा रहा था। इसी दौरान वह फोन पर अपने गांव में रहने वाले परिजनों से बातचीत कर रहा था।

रोहित ने बताया कि अचानक पीछे से एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश युवक आए और उसका मोबाइल फोन छीन लिया। जब उसने लुटेरों का विरोध किया तो दोनों ने उस पर चाकुओं से हमला कर दिया। हमले में रोहित के कंधे और पांव पर गंभीर चोटें आईं। जान बचाने के लिए घायल युवक मोबाइल छोड़कर वहां से भाग निकला और अपने कमरे में पहुंचकर साथियों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद उसे तुरंत सिविल अस्पताल लुधियाना ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसके घावों पर करीब 20 टांके लगाए। अस्पताल से मेडिकल जांच करवाने के उपरांत पीड़ित ने पुलिस चौकी मुंडिया में घटना की शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। इलाके में बढ़ती लूट की घटनाओं से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है।

# गर्भवती पत्नी से मारपीट कर उतारा मौत के घाट

### केस दर्ज, पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज

लुधियाना के लोहारा स्थित राजा कॉलोनी में एक गर्भवती महिला की उसके पति द्वारा मारपीट कर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतका के मायके पक्ष की शिकायत पर थाना डाबा पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान 38 वर्षीय पुष्पा देवी के रूप में हुई है, जो आठ महीने की गर्भवती थी। जानकारी के अनुसार पुष्पा देवी के मायके पक्ष ने सोमवार देर रात लुधियाना पहुंचकर पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर मामले की सूचना दी। इसके बाद थाना डाबा की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मायके पक्ष के बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी पति अजय के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। मृतका के बड़े भाई विजय कुमार ने बताया कि पुष्पा की यह दूसरी शादी थी और उसकी शादी आरोपी अजय के साथ हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि शादी के कुछ समय बाद ही अजय उनकी बहन के साथ मारपीट करने लगा था। इस संबंध में उन्होंने कई बार पंचायती स्तर पर समझौता भी करवाया, लेकिन आरोपी की हरकतों में कोई सुधार नहीं हुआ। भाई विजय ने बताया उसकी बहन पुष्पा लुधियाना में अपने पति के साथ रह रही थी। सोमवार दोपहर बाद आरोपी अजय ने उन्हें फोन कर सूचना दी कि उनकी बेटी की मौत हो गई है।

इसके बाद परिजन देर रात लुधियाना पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि पुष्पा के शरीर पर मारपीट के गंभीर निशान थे। उन्होंने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। थाना डाबा की प्रभारी कुलवंत कौर ने बताया कि आरोपी अजय नगर निगम में एक अस्थायी कर्मचारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।






आज सुबह लुधियाना में धूप खिली रही और तापमान प्रातः 8 बजे तक धुंध रही और 10 के बीच लगभग 11-14C से बढ़कर दोपहर तक 23-25C के आसपास पहुंचा, हवा हल्की और आसमान साफ़ रहा। सुबह के घंटों में हल्की ठंडक और बाद में सुहानी धूप महसूस हुई।
-फोटो लक्की भट्टी

## घर खाली कराने को बहू पर फेंका जहरीला पदार्थ, मामला दर्ज

शेखर वर्मा | लुधियाना
समर न्यूज

नौलखा गार्डन कॉलोनी इलाके में एक घर खाली कराने को लेकर चल रहे प्रॉपर्टी विवाद में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। आरोप है कि ससुर और ताया ससुर ने अपनी ही बहू पर कथित तौर पर जहरीला पदार्थ फेंक दिया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दोनों आरोपियों को नामजद करते हुए मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता गुड़िया पत्नी अक्षित जैन ने बताया कि वह 21 दिसंबर की सुबह करीब 10 बजे रसोई में काम कर रही थी, तभी आरोपियों ने उस पर कोई रासायनिक पदार्थ फेंक दिया। पदार्थ गिरते ही शरीर में तेज जलन होने लगी और वह दर्द से चिल्लाने लगी। परिजनों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी लंबे समय से उसे मकान खाली कराने के लिए दबाव बना रहे थे और आए दिन विवाद होता रहता था। घटना के बाद पुलिस ने संजय जैन और रजनीश जैन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 124(2) व 3(5) के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच जारी है। इस्तेमाल किए गए पदार्थ के सैंपल लेकर जांच करवाई जाएगी। तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## डा. प्रवीण तोगड़िया का सिटी में पहुंचने पर भव्य स्वागत



समर न्यूज | लुधियाना

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक डा प्रवीण तोगड़िया के महानगर पहुंचने पर राष्ट्रीय बजरंग दल के महामंत्री मनप्रीत सिंह द्वारा भव्य स्वागत किया गया विशाल मीटिंग का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर संगठन संथापक के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार ,राष्ट्रीय अध्यक्ष रजनी ठकुराल (महिला प्रसीद) ,रामानंद पंजाब महामंत्री विशेष रूप से पहुंचे जिनका जिला महामंत्री मनप्रीत सिंह, संदीप मिश्रा जिला श्री हनुमान चालीसा प्रमुख लुधियाना, राणा राजपूत जिला उपाध्यक्ष, रोहित राजपूत साहनेवाल नगर अध्यक्ष द्वारा सम्मान किया गया।मीटिंग में अपने सम्बोधन में डा प्रवीण तोगड़िया ने बंगलादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार प्रति रोष प्रकट किया ओर कहा कि भारत सरकार को इस पर तत्काल रूप से कार्रवाई करनी चाहिए ओर उनको भारत देश की ताकत से अवगत कराना चाहिए ।उन्होंने सभी सनातनियों को जात पात छोड़ कर संगठित होने के लिए कहा क्योंकि अगर सनातनी जात पात में फंसा रहा तो इसी बात का फायदा उठा कर दूसरे समुदाय हमारा शोषण करते रहेंगे उन्होंने कहा कि संगठित होंगे तभी इनको ताकत का अनुभव होगा।उस अवसर पर महामंत्री मनप्रीत सिंह ने कहा कि मीटिंग का उद्देश्य सभी सनातनीयों को एक झंडे तले एकत्रित करने का है ओर इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए मीटिंग में यह अहम फैसला लिया गया है कि हर वार्ड हर मुहल्ला में श्री हनुमान चालीसा समिति बनाई जाएगी ओर धर्म का प्रचार करते हुए सभी सनातनी भाइयों को एकजुट करेंगे।उन्होंने कहा कि देश की अखंडता व एकता के लिए व सदैव वचन बद्ध रहेंगे ओर सनातन धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर वरिंदर, शुभम, अमित कुमार, प्रेम पांडे व संगठन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### केएफसी के बाहर परिवार पर हमला, कार पर बरसाए पत्थर

# गुब्बारे बेचने वाले ने साथियों के साथ मिलकर की मारपीट, महिला से की बदसलूकी; चार नामजद

सौरव अरोड़ा | लुधियाना
समर न्यूज

दुगरी इलाके में स्थित केएफसी के बाहर चिकन खरीदने रुके एक परिवार पर गुब्बारे बेचने वाले युवक और उसके साथियों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने परिवार के मुखिया की पिटाई की, बीच-बचाव करने आई महिला से बदसलूकी की और कार पर ईंट-पत्थर बरसाए। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को नामजद करते हुए 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़िता सुनीता भारद्वाज के अनुसार, 14 दिसंबर की रात करीब 9:15 बजे वह अपने पति अजय भारद्वाज, दो बेटियों और हेल्पर के साथ घर लौट रही थीं। केएफसी



के पास रुकने पर उनके पति ने वहां मौजूद एक गुब्बारे बेचने वाले युवक को समझाया, जो पहले उनकी बेटी को परेशान कर चुका था। इसी बात को लेकर आरोपी ध्रुव खत्री, हंस सैनी, रोशन और उनके साथियों ने गाली-गलौज के बाद अजय भारद्वाज पर हमला कर दिया। आरोप है कि जब सुनीता भारद्वाज पति को बचाने आईं तो उनके साथ हाथापाई कर लज्जा भंग की गई। परिवार जब कार में बैठकर वहां से निकलने लगा तो आरोपियों ने पत्थर फेंके, जिससे कार का शीशा टूट गया। घटना की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी सामने आई है। दुगरी थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 115(2), 126(2), 324(4), 76 और 351(2) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार ने मंगलवार को थाना दुगरी का घेराव करते हुए, पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। परिजनों के अनुसार पुलिस ने पहले तो मामला दर्ज करने में एक सप्ताह से अधिक लगा दिया, वही अब पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने में देरी लगा रही है। मौके पर पुहंचे पुलिस के आला अधिकारियों ने परिवार को आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जिसके बाद धरना प्रदर्शन खत्म किया गया।

वार्षिक समारोह

### प्ले वे स्कूल जस्सियां रोड पर 10वां वार्षिक समारोह मनाया

# बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर लोगों का मनमोहा


समर न्यूज | लुधियाना

राइजिंग स्टार प्ले वे स्कूल जस्सियां रोड ,हैबोवाल द्वारा स्कूल का 10 वां वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया ।वार्षिक समारोह का आयोजन एम डी प्रिंसिपल सोनिया रविनंदन शर्मा की अध्यक्षता में किया गया।वार्षिक समारोह में स्कूल के नन्हें बच्चों ने अपने डांस,अपनी एक्टिंग की कला से सब को मोहित किया ओर समारोह में खूब धमाल मचाई।

समारोह का आरम्भ राजिंद्रा मॉडल सीनियर सकेंडरी स्कूल की डायरेक्टर निर्मला शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोल्डी गंभीर ,पूजा शर्मा ,मिन्नी बिधिराजा, सिम्पल कवात्रा ,उपासना



वोहरा ,दमनप्रीत कौर आदि पहुंचे जिनका प्रबंधक टीम द्वारा स्वागत किया गया।समारोह में बच्चों को करयोग्राफर नेहा कौशल द्वारा बच्चों को एक्ट सिखाया गया व संदीप दत्त द्वारा कार्यक्रम हॉस्ट किया गया।

इस अवसर पर सोनिया रविनंदन शर्मा ने कहा कि पढ़ाई में बच्चों का यह पहला पढ़ाव होता है ओर बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ फिजिकली एक्टिविटी व अनिवार्य है ताकि उनका मानसिक विकास हो सके ।कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उनको विशेष रूप से सम्मानित किया गया।




ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 109